



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 275 | कोरबा, सोमवार, दिनांक 07 जुलाई 2025 डाक 08 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए







### बिहार वोटर लिस्ट मामले पर होगी सुप्रीम सुनवाई

## राजद की याचिका और सिब्बल-सिंघवी की दलील पर सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?



**नईदिल्ली, 07 जुलाई [एजेंसी]।**

बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची से लाखों नाम हटाए जाने की आशंका को लेकर सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की गई हैं। अब सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 10 जुलाई को सुनवाई करने पर सहमति जताई है। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी, गोपाल शंकरनारायणन और शादाब फरासत ने सुप्रीम कोर्ट इस मुद्दे पर याचिका दर्ज की है। इन वकीलों की ओर से दलील दी गई है कि विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया से लाखों लोगों के लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जाने की आशंका है। इसमें महिलाओं और गरीब पृष्ठभूमि से आने वाले लोगों पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी, कपिल सिब्बल और अन्य ने कोर्ट में दलील दी कि अगर कोई वोटर जरूरी दस्तावेजों के साथ फॉर्म नहीं भरता, तो उसका नाम मतदाता सूची से हट सकता है, भले ही वह पिछले बीस साल से वोट डालता रहा हो।

सिंघवी ने कहा, 8 करोड़ मतदाता हैं और 4 करोड़ को गणना करनी है। यह नामुमकिन काम है। सिब्बल ने कहा, यह इतना आसान नहीं। वहीं, वकील संकरनारायणन ने बताया कि आधार कार्ड और वोटर कार्ड जैसे दस्तावेज भी स्वीकार नहीं किए जा रहे। सिंघवी ने कोर्ट को बताया कि 25 जुलाई तक दस्तावेज जमा करने की समय सीमा इतनी सख्त है कि अगर कोई चूक गया, तो उसका नाम सूची से बाहर हो जाएगा।

उन्होंने कहा, यह समय सीमा इतनी कम है कि लाखों लोग प्रभावित हो सकते हैं। हालांकि, जस्टिस धूलिया ने कहा कि चूंकि अभी चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं हुई है, इसलिए इस समय सीमा का कोई खास महत्व नहीं है। वकीलों का कहना है कि यह प्रक्रिया न सिर्फ जटिल है, बल्कि आम वोटरों के लिए परेशानी का सबब बन सकती है। खासकर उन लोगों के लिए जो सालों से वोट डाल रहे हैं, लेकिन अब नए नियमों के तहत दस्तावेज जमा करने में असमर्थ हैं। इस मामले में चार याचिकाओं ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। आरजेडी के मनोज झा, कार्यकर्ता योगेंद्र यादव, महुआ मोइत्रा और अन्य संगठनों ने चुनाव आयोग के इस कदम को गलत ठहराया है। उनका कहना है कि यह प्रक्रिया निष्पक्षता और पारदर्शिता के खिलाफ है। बिहार की सियासत में इस मुद्दे ने पहले ही हलचल मचा दी है।

## कांग्रेस नेता ने खरगे को बताया डॉ अम्बेडकर का दूसरा अवतार



**रायपुर 07 जुलाई।** मल्लिकार्जुन खरगे को लेकर कांग्रेस के दिग्गज आदिवासी नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत सिंह भगत का बड़ा सामने आया है। उन्होंने , एआईसीसी चीफ खरगे की तुलना संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर से की है। अमरजीत सिंह आज रायपुर में प्रस्तावित किसान जवान संविधान जनसभा को लेकर कहा कि, मल्लिकार्जुन खरगे अंबेडकर के दूसरे अवतार बनकर छत्तीसगढ़ आ रहे है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ में जंगल उजड़ रहे, किसान त्राहिमाम कर रहा है। स्कूलों में शिक्षक नहीं है, शिक्षा व्यवस्था गर्त में जा रही। ऐसे में जब संविधान पर खतरा मंडरा रहा है तब खड़गे अंबेडकर के दूसरे अवतार बनकर छग आ रहे है। वे दबे, कुचले, शोषित की आवाज बनकर छत्तीसगढ़ आ रहे है। पूर्व मंत्री अमरजीत सिंह भगत ने नक्सलियों से जुड़े मुद्दे पर भी बयान दिया है। दरअसल पिछले दिनों माओवादी संगठनों ने शांति वार्ता कराने तेलंगाना सरकार को पत्र लिखा था, इस पर पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि, हथियार और हिंसा एक साथ नहीं चल सकती है। सरकार भी बोल चुकी है कि, पहले हथियार डाले और बातचीत करें। उन्होंने आगे कहा कि, यह देश गांधी के शांति और वार्ता का देश है। अगर पाकिस्तान से बातचीत हो सकती है, तो इनसे क्यों नही। भगत ने साफतौर पर कहा कि, हिंसा और वार्ता एक साथ नहीं चल सकती है।

## सीजफायर पर डेडलॉक! कतर में क्यों फेल हुई इजरायल और हमास की वार्ता, जल्द अमेरिका जाएंगे नेतन्याहू



**दोहा, 07 जुलाई [एजेंसी]।**

इजरायल और हमास के बीच सीजफायर को लेकर समझौता नहीं बन पाया। दोनों देशों के बीच पहले दौर की वार्ता पूरी तरह से विफल रही। खबरों की मानें तो वार्ता में इजरायल का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिकारियों को खुद फैसला लेने का अधिकार नहीं दिया गया था, जिसके कारण यह वार्ता बेनतीजा ही रही।कतर की राजधानी दोहा में इजरायल और हमास का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा था। दोनों देशों के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता का पहला दौर आयोजित किया गया था। इजरायली प्रतिनिधिमंडल के पास निर्णय लेने के पर्याप्त अधिकार नहीं थे। उन्हें इजरायल की तरफ से लागू की गई कुछ शर्तों का पालन करना था। इजलायली वार्ताकारों को स्पष्ट रूप से कहा गया था कि शर्तों के तहत की समझौता करना होगा। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसकी जानकारी देते हुए कहा-सीजफायर के लिए दोहा जाने वाले इजरायली प्रतिनिधिमंडल को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि इजरायल के द्वारा स्वीकार की गई शर्तों के हिसाब से ही समझौता होगा।

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद बेंजामिन नेतन्याहू अपने तीसरे अमेरिकी दौरे पर जा रहे हैं। इस दौरान नेतन्याहू अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि नेतन्याहू सीजफायर वार्ता को आगे बढ़ाने में ट्रंप की मदद मांग सकते हैं। बेंजामिन नेतन्याहू का कहना है कि हमास ने जिन इजरायली नागरिकों को बंधक बनाया है, उन्हें छुड़वाना ही इजरायल का मुख्य उद्देश्य है। हालांकि, हमास के साथ सीजफायर को लेकर इजरायल में ही दो गुट बन गए हैं। नेतन्याहू की पार्टी के कई लोग सीजफायर का विरोध कर रहे हैं। वहीं, विदेश मंत्री गिदोन सार समेत कुछ सीजफायर के पक्ष में हैं।

## होटल में लगी आग, फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियों ने पाया काबू



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में सोमवार को आग लगने की दो घटना सामने आई। साहिबाबाद स्थित पेपर फैक्ट्री में आग लगने की घटना के बाद एक होटल में भी आग लगने की घटना सामने आई। जिसके बाद फायर विभाग की पांच गाड़ियों को कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। गाजियाबाद के साहिबाबाद में स्थित प्लूटो होटल में सुबह 5.29 बजे आग लगने की खबर मिली। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फायर विभाग के अनुसार, उस समय साहिबाबाद फायर स्टेशन की गाड़ियां साइट-4 में एक पेपर फैक्ट्री में लगी आग को बुझाने में व्यस्त थीं। जैसे ही होटल में आग की सूचना मिली, गाजियाबाद के मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने कोतवाली और वैशाली के अग्निशमन अधिकारियों को 5 फायर टेंडर और यूनिट के साथ तुरंत घटनास्थल पर भेजा।

## भारी बारिश से चमोली में जनजीवन अस्त-व्यस्त स्कूलों की हुई छुट्टी...केदारनाथ यात्रा रोकी गई



**गोपेश्वर (चमोली)।** चमोली जनपद में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बदरीनाथ हाईवे उमट्टा में पहाड़ी से मलबा आने के चलते बाधित है तो ज्योतिर्मठ क्षेत्र में 66 केवी की विद्युत लाइन पर फाल्ट आने से क्षेत्र में बिजली सप्लाई रात से ही ठप पड़ी है। उधर, भारी बारिश के कारण केदारनाथ यात्रा रोक दी गई है। मौसम विभाग के भारी बारिश और भूस्खलन की चेतावनी को देखते हुए मुख्य शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर चमोली जनपद के सरकारी, अर्द्धसरकारी विद्यालयों में आज अवकाश घोषित कर दिया गया है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि पिटकुल की 66 केवी की विद्युत लाइन में फाल्ट आने से ज्योतिर्मठ क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बाधित है।फाल्ट को ढूंढा जा रहा है। बदरीनाथ हाईवे पर सुबह नंदप्रयाग के पर्थाडीप में करीब एक घंटे तक मलबा आने से हाईवे बाधित रहा। मार्ग अब खुल गया है। उमट्टा में मलबा हटाने का काम जारी है। वहीं केदारनाथ जा रहे यात्रियों को सोनप्रयाग और गौरीकुंड में रोका गया है। प्रदेश में बारिश के बाद जगह-जगह मलबा आने से दो राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 50 सड़कें बंद हो गई हैं। इससे स्थानीय लोगों के साथ ही चारधाम आने वाले तीर्थयात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक देहरादून जिले में लखवाड़ बैंड के पास किलोमीटर 26 में मलबा आने से विकासनगर-कालसी-बड़कोट राष्ट्रीय राजमार्ग में वाहनों की आवाजाही बंद है। जिले में तीन ग्रामीण सड़के भी बंद हैं। इसके अलावा उत्तरकाशी जिले में ऋषिकेश-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग औजरी में बंद है। इस जिले में एक राज्यमार्ग और 11 ग्रामीण सड़के भी बंद हैं।

## ज्योति मल्होत्रा से केरल सरकार का निकला कनेक्शन

### सरकारी पैसे से घूमने गई थी मुन्नार और कोच्चि



**तिरुवनंतपुरम।** हरियाणा की 33 साल की मशहूर व्लॉगर ज्योति मल्होत्रा को हाल ही में पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। हैरतअंगेज बात ये है कि ज्योति को कुछ समय पहले केरल सरकार ने अपने टूरिज़्म प्रमोशन के लिए आधिकारिक तौर पर बुलाया था। एक ताजा आरटीआई में ये सनसनीखेज खुलासा हुआ है कि ज्योति की केरल यात्रा का पूरा खर्चा राज्य सरकार ने उठाया था। आरटीआई के मुताबिक, ज्योति ने केरल टूरिज़्म डिपार्टमेंट के एक खास कैंपेन का हिस्सा बनकर राज्य का दौरा किया था। इस कैंपेन का मकसद सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की मदद से केरल को डिजिटल दुनिया में एक शानदार टूरिस्ट डेस्टिनेशन के तौर पर पेश करना था। ज्योति की यात्रा, ठहरने और इटिनरेरी का सारा खर्च सरकार ने वहन किया।

## अमेरिका से भारत लाया जाएगा आतंकी हैप्पी पासिया, पंजाब में बम धमाकों का है मास्टरमाइंड, 24 से ज्यादा केस दर्ज

**अमृतसर 07 जुलाई।** गैंगस्टर से आतंकी बने हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया को अमेरिका से भारत लाने की तैयारी प्रक्रिया लगभग समाप्त हो चुकी है। जल्द ही उसे प्रत्यार्पण कर भारत लाया जाएगा। दो दर्जन से ज्यादा आपराधिक मामलों में वांछित बब्बर खालसा के कुख्यात आतंकी हैप्पी पासिया को जल्द भारत लाया जा रहा है। कुछ समय पहले अमेरिका खुफिया एजेंसी एफबीआई ने इसे गिरफ्तार कर फोटो वायरल की थी। मूल रूप से अमृतसर पुलिस के रमदास थाने के अधीन आने वाले पासिया गांव का रहने वाला हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया कुछ साल पहले विदेश भाग गया था। जिसके बाद से वह विदेश से ही आतंकी वारदातों का अंजाम दे रहा था। पसिया गांव भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित है।

## छत्तीसगढ़ की 3 महिलाओं की शहडोल हादसे में मौत

**रायपुर-शहडोल, 07 जुलाई [एजेंसी]।**

मध्यप्रदेश में रफ्तार का कहर थम नहीं रहा है। तेज रफ्तार वाहनों के अनियंत्रित होने से रोज रोज सड़क हादसे हो रहे हैं। ताजा मामला प्रदेश के शहडोल जिले का है जहां भीषण सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई 4 लोग गंभीर रूप से घायल है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी मृतक छत्तीसगढ़ के रहने वाले थे। दरअसल घटना शहडोल जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के जोरा की है। अयोध्या दर्शन कर लौट रहे परिवार का वाहन पेड़ से टकरा गया। इस हादसे में तीन महिलाओं की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। चार लोगों की हालत गंभीर है। गंभीर लोगों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल ब्यौहारी के डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर कर दिया है। मृतकों में गायत्री कवर 55, मालती पटेल 50 एवं इंदिरा बाई शामिल है।



सभी छत्तीसगढ़ की रहने वाली और अयोध्या दर्शन कर लौट रहीं थीं। बताया जाता है कि तूफान वाहन में कुल 20 लोग सवार थे।

### समुद्र में दिखी संदिग्ध नाव और फिर हो गई लापता, रायगढ़ पुलिस की बढ़ी टेंशन, अलर्ट जारी

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में एक संदिग्ध नाव दिखने से हड़कंप मच गया है। सुरक्षाबलों को अलर्ट कर दिया गया है। भारतीय नेवी समेत कोस्ट गार्ड और तमाम जांच एजेंसियां नाव की खोज करने में जुटी हैं। नाव को आखिरी बार रायगढ़ के रेवदंडा में कोरलाई तट से लगभग 2 नॉटिकल मील की दूरी पर देखा गया था। इसकी जानकारी मिलते ही रायगढ़ पुलिस एक्टिव हो गई है। पुलिस नाव की तलाश कर रही है, लेकिन अभी तक उसका कुछ पता नहीं चल सका है।


स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


### पंजाब के होशियारपुर में भीषण सड़क हादसा

## यात्रियों से भरी बस पलटी चार की मौत और 24 घायल

**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर के अतंर्गत दसूहा में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां यात्रियों से भरी बस पलट गई। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि 24 से ज्यादा यात्री घायल हैं।



यह बस दसूहा हाजीपुर रोड नजदीक सगरा अड्डा के पास अनियंत्रित होकर पलटी है। हादसे की खबर मिलते ही पुलिस और प्रशासन अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि बस की स्पीड काफी तेज थी, जिस कारण वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया और यह हादसा हो गया। मौके पर स्थानीय लोग और पुलिस बचाव कार्य में जुटी है। घायलों का अस्पताल ले जाया गया है। कई लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है।

## बादलगिरी झरने में इंजीनियरिंग का छात्र लापता



**सुंदरगढ़, 07 जुलाई [एजेंसी]।**

ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के बोनाई उपमंडल में गुरुंडिया पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत सोलगुडा वीएसएस जंगल में बादलगिरी जलप्रपात में डूबने के बाद एक इंजीनियरिंग छात्र लापता हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, सुंदरगढ़ जिले के राजगांगपुर क्षेत्र के 13 युवकों का एक समूह पिकनिक मनाने के लिए बादलगिरी जलप्रपात आया था। वे एक पिकअप ट्रक में सवार होकर कल दोपहर करीब 1 बजे बांध पर पहुंचे। जब आठ युवक खाना बना रहे थे, तो पांच अन्य झरने में नहाने चले गए और उनमें से एक पानी में डूबने के बाद लापता हो गया। उसके दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वे असफल रहे। बाद में युवकों ने गुरुंडिया पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दमकलकर्मियों की मदद से युवक का पता लगाने की कोशिश की।

हालांकि, चूंकि घटना घने जंगल के भीतर एक सुदूर इलाके में हुई और शाम हो चुकी थी, इसलिए तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी। सवाल यह है कि क्या युवक वाकई डूबकर गायब हो गया या फिर उसके लापता होने के पीछे कोई और वजह है। पुलिस घटना के आसपास की परिस्थितियों का पता लगाने के लिए 12 अन्य युवकों से पूछताछ कर रही है। इस स्थान पर पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, जिसके चलते प्रशासन ने इसे पहले सील कर दिया था, लेकिन बाद में इसे फिर से खोल दिया। बादलगिरी में ऐसी घटनाओं की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए स्थानीय लोगों ने मांग की है कि प्रशासन भविष्य में ऐसी स्थितियों को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए।

# डबल इंजन की सरकार ने बदली बिहार की दशा

## एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम में बोले पूर्व सांसद सुशील कुमार

**कोरबा।** बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी हर तरफ वातावरण निर्माण में लगी हुई है । एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में निवासरत पूर्वांचल के लोगों से संवाद किया जा रहा है। अभियान के छत्तीसगढ़ प्रभारी और बिहार के औरंगाबाद से पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कोरबा जिले में अपने कार्यक्रम में पूर्वांचल वासियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा की बिहार को प्रगति के पथ पर ले जाने का काम आप लोगों ने किया है। उनकी जिम्मेदारी होगी बिहार में फिर से डबल इंजन की सरकार बनाने में अपनी सकारात्मक भूमिका तय करे।

दीपका में अभियान के सहसंयोजक अभिषेक सिंह के निवास पर रविवार को एक कार्यक्रम किया गया। यहां पर पूर्वांचलवासियो की उपस्थिति दर्ज हुई। इसके बाद दूसरा आयोजन कोरबा के राम जानकी मंदिर बुधवारी स्थित महाराणा प्रताप भवन परिसर में हुआ। स्वागत सत्कार के बाद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि बिहार की पहचान कभी गुंडाराज और कुशासन के रूप में होती थी लेकिन लोगों की इच्छा शक्ति और सरकार के प्रयासों से अब स्थिति बदली है। उन्होंने विकास बिहार में विकास गतिविधियों को लेकर अपनी बात रखी और कहा कि सड़कों के साथ-साथ संरचना और विभिन्न क्षेत्रों में विकास को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि बिहार में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में सभी को अपनी भागीदारी करने की जरूरत है। सुशील कुमार सिंह का आव्हान था कि कोरबा जिले में बिहार के रहने वाले लोगों को प्रेरित करें ताकि लोकतंत्र के यज्ञ में अपनी आहुति दे सके। आप सभी की कोशिश से बिहार प्रगति के मामले में नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने बिहार के सामाजिक और धार्मिक महत्व को लेकर भी अपने विचार रखें। कोरबा जिले में आयोजित कार्यक्रम में अवधेश सिंह, चंद्रमा सिंह, विजय कुमार, उमाशंकर सिंह अभिषेक सिंह, नरेश पांडेय, संजय शर्मा, अजय पांडे, अप्पू सिंह, अमरेंद्र सिंह, राधेश्याम सिंह , विमल सिंह , राधा मोहन सिंह , मिथिलेश सिंह, विमलेश शर्मा , मिंटू शर्मा, अजय सिंह , छोटे सिंह, राजेश शर्मा, पवन सिंह, शास्त्री लाल बहादुर, रणधीर सिंह, राजीव कुमार सिंह ,संदीप सिंह , सहित काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही



# प्रदीप मिश्रा की कथा को लेकर आयोजकों का छुट रहा पसीना

### फिर बदला कथा स्थल

**कोरबा।** कोरबा में 12 से 18 जुलाई तक आयोजित होने वाली श्री शिव महापुराण कथा के आयोजन स्थल में एक बार फिर बदलाव किया गया है। पहले कनबेरी, फिर इंदिरा स्टेडियम के बाद अब यह आयोजन कटघोरा क्षेत्र के छुरी स्थित बंद वंदना पावर प्लांट परिसर में किया जाएगा।सावन के पावन अवसर पर महाकाल भक्त मंडल द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कथा वाचन के लिए प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा स्वयं पधारेंगे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और सुरक्षा को देखते हुए कार्यक्रम स्थल को बार-बार बदला गया, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था बाधित न हो और श्रद्धालुओं को भी समुचित व्यवस्था मिल सके।शुक्रवार को कलेक्टर अजीत वसंत, एसपी सिद्धार्थ तिवारी समेत प्रशासन और आयोजन समिति की टीम ने छुरी स्थित आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। यहां पंडाल, हेलीपेड, पार्किंग सहित तमाम व्यवस्थाओं के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध होने पर इसे अंतिम रूप से चयनित किया गया। शनिवार को भी प्रशासन और पुलिस की टीम ने वहां पहुंचकर सुरक्षा और अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं की रूपरेखा तैयार की। सोमवार से आयोजन स्थल पर पंडाल निर्माण और अन्य तैयारियां शुरू हो जाएंगी।

महाकाल भक्त मंडल के सचिव राजेन्द्र तारक ने बताया कि कथा में प्रतिदिन 1.5 से 2 लाख श्रद्धालु शामिल होंगे। भीड़ और सुरक्षा के लिहाज से छुरी का स्थल सबसे उपयुक्त पाया गया है। शहर के इंदिरा स्टेडियम में जाम और यातायात बाधित होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम स्थल को शहर के बाहरी क्षेत्र में स्थानांतरित किया गया।

# जल भराव से नाराज लोगों ने रोका मंत्री को



**कोरबा।** बारिश के मौसम में जल भराव के साथ-साथ कई प्रकार की समस्याओं से परेशान चल रहे पाली क्षेत्र के लोगों ने रविवार को उपमुख्यमंत्री के काफिले को रोक लिया। लोगों का आरोप था कि इलाके की समस्या को लेकर समाधान के रास्ते नहीं निकाले जा रहे हैं। बाद में कलेक्टर और जिलाधीश की समझाइए इस पर लोगों ने उन्हें जाने दिया। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि उपमुख्यमंत्री अरुण साव , श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन सहित और कलेक्टर अजीत वंसत समेत एसपी सिदार्थ तिवारी के काफिले को पाली में ग्रामीणों ने रोक लिया। पाली के मंगल भवन में विकास कार्यों के भूमि पूजन और लोकार्पण के लिए दोनों मंत्री पहुंचे थे। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद मंत्री का काफिला यहां से कोरबा की तरफ जा रहा था, तभी लोगों ने एक स्थान पर उन्हें रोक लिया। इस दौरान ग्रामीण दुकानदारों में भारी आक्रोश दिखा। लोगो का आरोप है कि दुकान बस्ती गलियों लगातार थोड़ी बारिश के कारण जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई है जो काफी लंबे समय से समस्या बनी हुई है । लेकिन उसके बावजूद भी जैन प्रतिनिधि और ना ही जिला प्रशासन की ओर से ध्यान दिया जा रहा है। लोगो ने बताया कि लगातार बारिश के कारण घरों में पानी घुसने को लेकर परेशानी बनी हुई है। मौके पर कलेक्टर व एसपी ने लोगो को समझाया तब जा कर काफिले को छोड़ा गया।

## कायस्थ महासभा के वीरेंद्र बने प्रदेश अध्यक्ष



कोरबा। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा भारत ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए वीरेंद्र श्रीवास्तव को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश श्रीवास्तव के द्वारा यह नियुक्ति की गई है। संगठन ने अपने छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष से आशा की है कि वह अपनी कार्यकारिणी का गठन करने के साथ राज्य में संगठन का विस्तार करेंगे और भगवान चित्रगुप्त के संदेश को व्यापकता देंगे।

# 5 वर्ष की सजा मिली नशे के सौदागरों को

## नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़े गए थे आरोपी

**कोरबा।** ट्रांसपोर्ट नगर नई बस स्टैंड क्षेत्र में नशीले इंजेक्शन की बिक्री करने के मामले में पकड़े गए दो आरोपियों को कोरबा के एनडीपीएस एक्ट स्पेशल कोर्ट ने 5 वर्ष की सजा और 50 हजार की पेनल्टी से दंडित किया है। 3 साल के बाद इस मामले में कोर्ट का निर्णय आया है। 27 अप्रैल 2022 को सीएसईबी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि टीपी नगर स्थित नया बस स्टैण्ड के पास 2 लोग इंजेक्शन बेचने के लिए घूम रहे हैं। तत्कालीन थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रामेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में चौकी स्टाफ के साथ दबिश दी गई। नया बस स्टैण्ड में 2 लडक़े पेन्टाजोसीन लैक्टेट इंजेक्शन रिडॉफ बैग में रखे हुये बेचने हेतु ग्राहक खोज रहे थे। बैग की तालाशी लेने पर कुल 435 नग इंजेक्शन बरामद हुआ। आरोपी पंकज शर्मा पिता नवल शर्मा 38 साल निवासी बैगीनडभार व सुमित बेहरा पिता प्रशांत बेहरा 23 साल निवासी पथर्रीपारा को गिरफ्तार कर 22बी नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने प्रारम्भिक विवेचना उपरांत प्रकरण को विचारण हेतु न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।विशेष न्यायाधीध एनडीपीएस एक्ट श्रीमती गरिमा शर्मा ने दोष सिद्ध पाए जाने पर आरोपी पंकज शर्मा व सुमित कुमार बेहरा को धारा 22 बी एन0डी0पी0एस0 एक्ट में 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 50 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड की राशि अदा नहीं किये जाने की दशा में आरोपी को 06 माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# जल भराव से परेशान लोगों ने रोका मंत्रियों का काफिला

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में कोरबा जिले के नगर पंचायत पाली में (शुक्रवार, 4 जुलाई 2025) एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में ग्रामीणों ने प्रभारी मंत्री अरुण साव, श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, कलेक्टर अजीत वंसत और एसपी सिदार्थ तिवारी के काफिले को रोक दिया.यह विरोध मंगल भवन में आयोजित भूमि पूजन और रोड उत्सव कार्यक्रम से लौटते समय हुआ. ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार बारिश के कारण हो रहे जलभराव और घरों में पानी घुसने की समस्या को लेकर प्रशासन और जनप्रतिनिधि उदासीन हैं.

### जलभराव की समस्या बनी विरोध का मुख्य कारण

ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते उनके घरों और दुकानों में पानी भर गया है, जिससे दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. बस्ती और गलियों में भी जलभराव की गंभीर स्थिति बनी हुई है. उनका कहना है कि इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए वे लंबे समय से मांग कर रहे हैं, लेकिन जिला प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं. इस उपेक्षा से आक्रोशित होकर ही उन्होंने मंत्रियों और अधिकारियों के काफिले को रोकने का फैसला किया.

### अधिकारियों के आश्वासन के बाद



### काफिला हुआ रवाना

मौके पर मौजूद कलेक्टर अजीत वंसत और एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने ग्रामीणों से बातचीत की. उन्होंने ग्रामीणों को शांत करने का प्रयास किया और उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया. अधिकारियों के हस्तक्षेप और आश्वासन के बाद ही ग्रामीणों ने काफिले को आगे बढ़ने दिया. यह घटना स्थानीय प्रशासन के लिए जल निकासी व्यवस्था में सुधार और जन समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है.

# युवक कांग्रेस के नेताओं को किया नजरबंद

**बांकीमोंगरा।** रविवार 6 जुलाई को छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम और कोरबा जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव कोरबा जिले के नगर पंचायत पाली और नगर पालिका परिषद बांकीमोगरा में विभिन्न विकास व लोकार्पण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने पहुंचे। वे कबीर प्राकट्य उत्सव में भी शामिल होंगे और इसके पश्चात सरगुजा के लिए रवाना हो जाएंगे। डिप्टी सीएम के प्रवास के मद्देनजर बांकीमोगरा नगर पालिका परिषद के कांग्रेस पार्षदों और उनके प्रतिनिधियों से लेकर युवा कांग्रेस के नेताओं को नजर बंद करके रखा गया।शासन द्वारा जारी कार्यक्रम के तहत दोपहर 12 से 1 बजे नगर पंचायत पाली क्षेत्र में विकास व निर्माण कार्यों का भूमि पूजन व लोकार्पण के पश्चात एनटीपीसी कावेरी गेस्ट हाउस में उनका आगमन हुआ। दोपहर 2ः50 से 3ः50 बजे तक नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन व लोकार्पण उनके द्वारा किया गया। इसके बाद वे अगले कार्यक्रम के लिए प्रस्थान किए।

बांकीमोंगरा में उपमुख्यमंत्री के आने से पहले यहां के कांग्रेस नेताओं को नजरबंद कर दिया गया। पूर्व एल्डरमैन परमानंद सिंह, जिला युकां अध्यक्ष विकास सिंह, नेता प्रतिपक्ष मधुसूदन दास, पार्षद तेज प्रताप सिंह, संदीप डहरिया, बंशी, ओमप्रकाश केवट, पार्षद प्रतिनिधि पवन गुप्ता, कुणाल आजाद युकां ब्लॉक अध्यक्ष, संजय आजाद जिला महामंत्री, इंद्रजीत सिंह को नजर बंद करके पूरे कार्यक्रम के दौरान रखा गया।

इसके पीछे वजह बताई जा रही है कि विभिन्न मसलों और जरूरी कार्यों को लेकर डिप्टी सीएम से मिलना चाहते थे। पुलिस-प्रशासन को इस बात की भी प्रबल आशंका संभवतः जाहिर हुई कि हो ना हो इनके द्वारा डिप्टी ष्टरू के कार्यक्रम में कोई प्रदर्शन किया जा सकता है या कुछ और भी बात हो सकती है। इसके मद्देनजर युवा कांग्रेसियों, कांग्रेस पार्षदों को डिप्टी सीएम से मिलने के लिए रोकने हेतु इन्हें नजर बंद करके रखा गया। इस पूरे घटनाक्रम की बांकीमोगरा नगर पालिका क्षेत्र में काफी चर्चा है। कांग्रेस नेताओं ने इसे दमनकारी और आवाज कुचलने वाला बताया है।

# छात्रावासों की मरम्मत करने 6 माह में तय नहीं हो पाई निर्माण एजेंसी

**कोरबा ।** समग्र शिक्षा के तहत जिले के 6 छात्रावासों की मरम्मत के लिए 83.02 लाख मिले हैं, पर 6 महीने बाद भी निर्माण एजेंसी तय नहीं कर पाए हैं। इससे मरम्मत का काम शुरू नहीं हो सका है। पाली ब्लॉक में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास मुनगाडीह में टाइल्स व पुट्टी के साथ ही पेट कार्य करना है। इसके लिए 16 लाख की मंजूरी मिली है। इसी तरह पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास के लिए टाइल्स पुट्टी और पेंट कार्य के लिए भी 16 लाख मंजूर हुए हैं। करतला ब्लॉक में 50 सीटर बालक छात्रावास कथरीमाल के जीणोद्धार के लिए भी 11.3 लाख की राशि मिल चुकी है। 100 सीटर छात्रावास पोड़ी-उपरोड़ा में भी टाइल्स व मरम्मत काम के लिए 16 लाख, 50 सीटर बालिका छात्रावास सररेंगा के लिए 8.21 लाख, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सेद्रीपाली के लिए 15.76 लाख की मंजूरी मिली है। इसकी तकनीकी मंजूरी पिछले साल दिसंबर 2024 में भी मिल चुकी है। इसके बाद भी काम शुरू नहीं हो पाया हैं। बताया जा रहा है कि निर्माण एजेंसी बनाने देरी हो रही हैं। इस मामले में जिला परियोजना समग्र शिक्षा के समन्वयक मनोज पांडेय का कहना है कि छात्रावासों की मरम्मत के संबंध में मुझे जानकारी नहीं है। निर्माण एजेंसी के संबंध में भी अभी नहीं बता सकता।

## कनकेश्वर धाम में घायल मिला प्रवासी पक्षी

**कोरबा।** जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर स्थित कनकेश्वर धाम, कनकी में हर साल मॉनसून के आगमन के साथ सैकड़ों प्रवासी पक्षी पहुंचते हैं। ये विदेशी मेहमान यहां शिव मंदिर परिसर के पेड़ों पर बसेरा बनाते हैं, प्रजनन करते हैं, और कुछ महीनों बाद अपने बच्चों के साथ वापस लौट जाते हैं। स्थानीय लोग इन्हें मानसून का संदेशवाहक मानते हैं और श्रद्धा से देखते हैं।

लेकिन इस साल इन पक्षियों के साथ, कुछ असामाजिक तत्व प्रवासी पक्षियों को गुलेल से घायल कर रहे हैं। इस निंदनीय कृत्य से पक्षियों को गंभीर चोटें आ रही हैं, जबकि वन विभाग की ओर से कोई सक्रिय कदम नहीं उठाया गया है।

घायल पक्षी को स्थानीय ग्रामीण मोहम्मद हनीफ मेमन और मनोहर लाल मांझी ने पकड़कर उसकी जान बचाई और वन विभाग को इसकी सूचना दी। मोहम्मद हनीफ मेमन ने बताया, हमने पक्षी को घायल अवस्था में देखा और तुरंत उसे पकड़ा ताकि उसकी जान बचाई जा सके। वन विभाग को तुरंत सूचित किया गया है।

## भैंसमा समिति में मनाया गया सहकारिता दिवस



**कोरबा।** जुलाई के प्रथम सप्ताह मैं प्रतिवर्ष 5 जुलाई अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के रूप में मनाया जाता है इसी परिपेक्ष में इस वर्ष एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण, संगोष्ठी एवं सहकार से समृद्धि कार्यक्रम सभी सहकारी समितियों में आयोजित किये जा रहे हैं, इसी परिपेक्ष में आदिवासी सेवा सहकारी समिति भैसमा में एक पेड़ मां के नाम के तहत वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सर्वप्रथम समिति प्रांगण भैसमा में सहकारिता दिवस के परिपेक्ष में सहकारिता ध्वज फहराया गया सहकारिता ध्वज इंद्रधनुष के समान सात रंगों का ध्वज है जो सभी के सहभागिता का प्रतीक है ध्वजारोहण के बाद संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने अपने-अपने विचार मंच के माध्यम से व्यक्त किये इसी प्रकार समिति भैसमा के उपस्थित किसानों को केसीसी चेक, माइक्रो एटीएम कार्ड, एवं क्रेडिट कार्ड उपस्थित जनप्रतिनिधियों के हाथों वितरित किया गया सहायक नोडल अधिकारी मुकेश पटेल ने अपने संबोधन में समिति द्वारा संचालित योजनाओं को विस्तार से बताया साथ ही साथ माइक्रो एटीएम से लेनदेन के प्रति किसानों को जागरूक किया गया द्य समिति प्रबंधक तुलेश्वर कौशिक ने एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण के तहत वृक्ष के प्राकृतिक, धार्मिक, आर्थिक एवं वैज्ञानिक महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक बतायाद्य मंचीय संबोधन मोहम्मद जमाल खान पर्यवेक्षक एच के चौहान सहकारिता विस्तार अधिकारी, मंडल उपाध्यक्ष गोवर्धन पटेल, सरमन सिंह कंवर, जोगेंद्र कौशिक द्वारा किया गया उपस्थित अधिकारी वर्ग में एच के चौहान सहकारिता विस्तार अधिकारी, मुकेश पटेल सहायक नोडल अधिकारी, मोहम्मद जमाल खान पर्यवेक्षक, घनश्याम मरकाम वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, मेम सिंह कंवर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, रामलाल कंवर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, जे एल खूंटे ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, राजेंद्र बघेल ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, समिति प्रबंधक तुलेश्वर कौशिक, समिति कर्मचारी कु. सर्वमंगला तंवर, उदय सिंह कंवर, भाव सिंह कंवर, गणेशराम कंवर, जनप्रतिनिधि गोवर्धन पटेल मंडल उपाध्यक्ष उरगा मंडल, सरमन सिंह कंवर, जोगेंद्र कौशिक, लखन लहरे, श्रीमती भुनेश्वरी कंवर एवं समिति क्षेत्र के किसान उपस्थित रहेद्य कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक तुलेश्वर कौशिक द्वारा किया गया

# अमरनाथ यात्रियों को झंडी दिखाकर रवाना किया



**हरदीबाजार ।** मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार के सदस्यों के द्वारा रविवार को श्री अमरनाथ जम्मू यात्रा के लिए प्रथम जत्था बस स्टैंड हरदीबाजार से रवाना हुआ। श्री अमरनाथ जम्मू जाने वाले श्रद्धालुओं को कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष पाली दिलीप पटेल, सदस्य वनवासी कल्याण आश्रम कोरबा श्रवण यादव के द्वारा माला पहनाकर पुष्पगुच्छ भेंट कर मंगलमय यात्रा की बधाई दी। प्रत्येक वर्ष मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार के सदस्यों के द्वारा बाबा बैजनाथ धाम देवघर जाकर बाबा भोलेनाथ को सावन माह के प्रथम सप्ताह में 120 कि.मी. पैदल चलकर कर जल चढ़ाया जाता था, इस वर्ष समिति के कुछ सदस्यों के द्वारा सावन के प्रथम सप्ताह में श्री अमरनाथ की यात्रा करते हुये बाबा बर्फानी का दर्शन करने के लिए माँ दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष निलेन्द्र राठौर, उपाध्यक्ष दुर्गेश डिक्सेना, सुनील जायसवाल, प्रताप कंवर, अंकुश जायसवाल रवाना हुये। इस अवसर पर हरदीबाजार बस स्टैंड में पूर्व विधायक कटघोरा पुरषोत्तम कंवर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष चुलेश्वर राठौर,पूर्व मंडल महामंत्री डा. विजय राठौर, पूर्व जनपद सदस्य अनिल टंडन, सरपंच हरदीबाजार लोकेश्वर कंवर, रमेश अहीर जी, ब्रह्मानंद राठौर जी, विनय चंद्राकर, नवनीत गुप्ता,नितेश जायसवाल, जयप्रकाश राठौर,धनंजय ध्रुवा, भूपेंद्र यादव, बंटी राठौर, अशोक के अलावा ग्राम के गणमान्य नागरिक अधिक संख्या में उपस्थित थे।

## छबड़ा पावर प्लांट को 120 लाख टन कोयला आपूर्ति पर मंडराया संकट

**कोरबा ।** कोयला मंत्रालय ने राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम को आवंटित छत्तीसगढ़ में खदानों से छबड़ा थर्मल पावर प्लांट को कोयले की आपूर्ति जारी रखने की अनुमति देने से इंकार कर दिया है। यह फैसला राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम और एनटीपीसी के बीच छबड़ा पावर प्लांट को लेकर जॉइंट वेंचर से जुड़े मामले में आया है।

जॉइंट वेंचर में प्रशासनिक शक्तियां एनटीपीसी को दी गई हैं, जिससे प्लांट का प्रबंधन और नियंत्रण बदल गया है। अब नई कंपनी का गठन होना है। नई कंपनी को उन खदानों से कोयला आपूर्ति नहीं की जा सकती है, क्योंकि आवंटन की अनुमति केवल उत्पादन निगम को दी गई है। कोयला मंत्रालय ने इन्हीं प्रावधानों की याद दिलाते हुए उत्पादन निगम के अनुरोध को नहीं माना है। इस फैसले के बाद उत्पादन निगम प्रबंधन से लेकर ऊर्जा विभाग तक में खलबली मची है। जल्द ही दिल्ली में कोयला मंत्रालय के अफसरों के साथ बातचीत होगी। अभी छत्तीसगढ़ में परसा कांटा और ईस्ट बेसिन कोयला खदान से 70 लाख टन कोयला मिल रहा है। जब तक कंपनी का गठन नहीं हो जाता, तब तक प्लांट को कोयला मिलता रहेगा।छबड़ा पावर प्लांट की वर्तमान क्षमता 2320 मेगावाट है। नई कंपनी को यहां दो यूनिट का और निर्माण करना है। हर एक यूनिट की क्षमता 660 या 800 मेगावाट की होगी, लेकिन निर्णय होना है। प्लांट को 120 लाख टन कोयले की आवश्यकता होगी। अभी हर वर्ष 70 लाख टन कोयला छत्तीसगढ़ से और 23 लाख टन कोयला कोयल इंडिया से आ रहा है। दो यूनिट बढ़ने पर अतिरिक्त 50 लाख टन कोयले की जरूरत होगी।

# गणेश विसर्जन के दौरान युवक की हत्या,आरोपी को हुई उम्र कैद की सजा

**कोरबा।** ढोढ़ीपारा भैंसखटाल के पास गणेश विसर्जन के दौरान चाकू मारकर हरीश राव की हत्या व एक अन्य की हत्या का प्रयास के आरोपी को उम्रकैद हुई है। प्रकरण में शासन की तरफ से लोक अभियोजक राजेन्द्र साहू ने पैरवी की।लोक अभियोजक राजेन्द्र साहू ने बताया कि घटना दिनांक 28 सितम्बर 2023 को लगभग शाम के 6 बजे प्रार्थी राजकुमार राव के मोहल्ले में गणेश जी के विसर्जन के लिए सभी मोहल्ले के लोग बाजे-गाजे के साथ कोहड़िया फिल्टर प्लांट नहर की तरफ मूर्ति लेकर जा रहे थे। जब वे पीपरपारा कोहड़िया के स्कूल के सामने पहुंचे थे, उसी समय ढोढीपारा भैसखटाल मोहल्ले के भी लोग गणेश विसर्जन करने जा रहे थे। उनमें से एक लड़का मेन रोड के डिवाईडर के बीच में लगे पेड़-पौधों को उखाड़ रहा तब मोहल्ले के भूपेन्द्र गुप्ता एवं हरीश राव ने मना किया, तब सुदीप चौहान उर्फ दऊ ने एक धारदार चाकू लेकर भूपेन्द्र गुप्ता को जान से मार देने की नीयत से गर्दन पर हमला कर दिया तथा उसके अन्य कई साथी भी लड़ाई-झगड़ा मारपीट करने लगे। उसके बाद लड़के ने चाकू से हरीश राव के सीने में प्राणघातक हमला कर दिया, जिससे हरीश राव की मौके पर मौत हो गई। भूपेन्द्र गुप्ता को गले के पास चोट आयी और यदि वह वहां से नहीं जाता, तो उसे जान से मार देते।सीएसईबी चौकी पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना बाद प्रकरण विचारण के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया। सत्र न्यायाधीध एस. शर्मा नेविचार करने के पश्चात् दण्डादेश पारित किया। समस्त स्थितियों पर विचारोपरांत आरोपी सुदीप चौहान को धारा 302 भा.दं.वि. में आजीवन कारावास एवं 1,000/- रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। अर्थदंड अदा न करने की दशा में अभियुक्त को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगताया जावेगा। इसी प्रकार धारा 307 भा.द.वि. अपराध में सात वर्ष के कठोर कारावास से और 2000/- रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। अर्थदंड अदा न करने की दशा में अभियुक्त को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगताया जावेगा। धारा 25 आयुध अधिनियम में अभियुक्त को एक वर्ष के कठोर कारावास से और 1000/- रूपये अर्थदंड से, अर्थदंड अदा न करने की दशा में अभियुक्त को दो माह का अतिरिक्त कारावास,धारा 27 आयुध अधिनियम में तीन वर्ष के कठोर कारावास और 2000/- रूपये अर्थदंड,अर्थदंड अदा न करने की दशा में अभियुक्त को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगताया जावेगा।

# नवागढ़ का नियम सही है या बलौदा ब्लाक का, शिक्षा विभाग असमंजस में



**जांजगीर-चांप।** जिले में शिक्षक संवर्ग युक्तियुकरण के लिए तैयार की गई अतिशेष शिक्षकों की सूची में विकास खंड नवागढ में कला संकाय में नियुक्त शिक्षकों को कला संकाय में शामिल किया है जबकि बलौदा बमहनीडीह अकलतरा में कला संकाय में नियुक्त शिक्षकों को उनके स्नातक विषय के आधार पर हिंदी में शामिल किया गया ह।

, जेडी बिलासपुर ने इस बिंदु को आधार बनाकर विकास खंड के शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन को निरस्त कर दिया है तो यदि नवागढ की सूची सही है तो फिर विकास खंड बलौदा अकलतरा बमहनीडीह की सूची गलत हो गई, एक ही जिले में अलग अलग-अलग नियम बनाकर शिक्षकों को अतिशेष बताकर जिले से बाहर मुगेली जिले में पदस्थ किया जाना क्या न्याय संगत है जबकि जिले में ही 109 पद रिक्त है जिले की शिक्षक संवर्ग अतिशेष की सूची

दूषित होने के कारण निरस्त करने योग्य है, जिला प्रशासन को गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है और प्रभावित शिक्षकों के साथ न्याय किया जाना आवश्यक है, चर्चा नहीं करते हुए शिक्षकों को भटकाना उचित नहीं है शिक्षकों ने बताया कि युक्तियुक्तकरण की प्रकिया में घोर लापरवाही बरती गई है। शासन स्कूल शिक्षा विभाग के युक्तियुक्तकरण के संबंध में जारी निर्देशों की अवहेलना तो हुई ही है, साथ में छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देशों, संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों की भी धज्जियां उड़ाते हुए विकासखंड एवं जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा स्वेच्छाचारिता की गई है। इसके कारण जिले के शिक्षक मानसिक रूप से प्रताड़ित हैं। काउंसिलिंग के लिए जितने शिक्षक अतिशेष हैं, उतनी ही संख्या में शिक्षक विहीन, एकल शिक्षकीय एवं अधिक दर्ज संख्या वाले विद्यालयों को दर्शित किया जाए, किन्तु यहां

यह ध्यान में रखा जाएगा कि सभी शिक्षक विहीन विद्यालयों एवं इसके बाद सभी एकल शिक्षकीय विद्यालयों को अनिवार्य रूप से दर्शित किया जाए। अधिक दर्ज संख्या वाले विद्यालयों को दर्शित किया जाए। इस निर्देश का पालन जांजगीर-चांपा जिला में नहीं किया गया है जिला जांजगीर-चांपा में बहुत सारे ऐसे पूर्व माध्यमिक शाला है, जहां 105 तक की दर्ज संख्या में 1 प्रधानपाठक और सिर्फ 2 शिक्षक पदस्थ हैं। यहां नियमानुसार 1 शिक्षक की अतिरिक्त पदस्थापना करनी थी, जो कि नहीं की गई। 109 शिक्षकों को गलत तरीके से जिले से बाहर भेज दिया गया। जिला जांजगीर-चांपा में बहुत सारे ऐसे पूर्व माध्यमिक शाला है, जहां 105 तक की दर्ज संख्या में 1 प्रधानपाठक और सिर्फ 2 शिक्षक पदस्थ हैं। यहां नियमानुसार 1 शिक्षक की अतिरिक्त पदस्थापना करनी थी, जो कि नहीं की गई। 109 शिक्षकों को गलत तरीके से जिले से बाहर भेज दिया गया।

कुल अतिशेष सहायक शिक्षक 435 तथा रिक्त पद 253 बताया गया एवं शेष पदों पर लेन-देन करने के उद्देश्य से प्रकाशित नहीं किया गया। असहमति वाले सहायक शिक्षकों को विकासखंड में पद रहते हुए भी अन्य विकासखंड में पदस्थ किया गया है, जो पूरी तरह से शासन के नियम के विरूद्ध है। नियम के मुताबिक विकासखंड स्तरीय समिति द्वारा दर्ज संख्या के अनुपात में विद्यालयवार सूची तैयार की गई। जिससे जिले में जितने अतिशेष शिक्षक चिन्हांकित थे, उतनी संख्या में पद उपलब्ध होने के बाद भी उन्हें जिले से बाहर भेज दिया।

## किशोरी से दुष्कर्म,सहयोगी माता-पिता गिरफ्तार



**चांपा।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि नाबालिक बालिका को दिनांक 10/01/25 को रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने की सूचना पर थाना जांजगीर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा श्री विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में अपहृता एवं अज्ञात आरोपी की थाना जांजगीर पुलिस द्वारा लगातार पातासाजी की जा रही थी। इसी क्रम में जांजगीर श्रीमति कविता ठाकुर के नेतृत्व में विवेचना के दौरान बालिका को आरोपियों के कब्जे से बरामद किया जाकर पूछताछ करने पर विधि से संघर्षरत बालक द्वारा शादी करने का झांसा देकर अनाचार करना बताई।

प्रकरण के सहयोगी आरोपी विधि से संघर्षरत बालक के माता- पिता अपहृता को नाबालिक बालिका होने की जानकारी होने के बावजुद अपने पास रखा गया एवं विधि से संघर्षरत बालक की मदद की गई। प्रकरण में आरोपीयों से पुछताछ पर अपना जुर्म स्वीकार करने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।उपरोक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली जांजगीर के थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी व उप निरीक्षक सत्यम चौहान, प्रधान आरक्षक आलोक शर्मा , महिला आरक्षक रेखा यादव का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रिंसी पांडेय बनीं चार्टर्ड अकाउंटेंट

**जांजगीर चांपा।** जिले के लिंक रोड जांजगीर की प्रतिभाशाली बेटी प्रिंसी पांडेय ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की प्रतिष्ठित उपाधि प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रिंसी पांडेय प्रमोद पांडेय और सुनीता पांडेय की सुपुत्री हैं। उन्होंने यह सफलता इनकम टैक्स एडवोकेट अरविंद मित्तल के मार्गदर्शन में प्राप्त की, जिनके मार्गदर्शन ने इस उपलब्धि में अहम भूमिका निभाई। प्रिंसी की इस सफलता से न केवल उनके परिवार में खुशी की लहर है, बल्कि पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनकी यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

## फर्जी बिल बनाकर रुपए हड़पने वाले पर नहीं हो रही कार्रवाई

**जैजैपुर।** एक तरफ भाजपा सरकार कहती है भ्रष्टचार करने वाले को उल्टा लटकाकर सीधा कर देंगे लेकिन ये भी जुमला ही साबित हो रहा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी और उनके चहेते ठेकेदार ने फर्जी बिल बनाकर सरकार को लाखों रुपए का चूना लगाया है जिसकी शिकायत होने के बाद भी न जांच हो रही है और न ही कोई कार्रवाई हो रही है। ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों और ठेकेदारों का मनोबल और बढ़ने लगा है, जिस पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है। सरकार ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों पर अंकुश लगाने में नाकाम है। मामला जांजगीर चांपा एवं सक्ती जिले के जल संसाधन विभाग का है, जहां वित्तीय वर्ष 2023-24 में सक्ती जिले के डभरा ब्लॉक अंतर्गत देवरीपाली जलाशय का साफ सफाई एवं मरम्मत कार्य के नाम पर दो लाख अड़तालीस हजार रुपए, दो लाख सैतालिस हजार रुपए, और दो लाख चौतीस हजार रुपए की राशि निकाल ली गई है।

जबकि मौके पर कोई कार्य नहीं किया गया है। वहीं घटोई जलाशय में मरम्मत एवं साफ सफाई कार्य के नाम पर भी चार लाख निन्यानवे हजार रुपए की राशि आहरण कर कोई कार्य नहीं किया गया है। वहीं पीपरसत्ती एनीकट मरम्मत कार्य के नाम पर दो लाख अड़तालीस हजार रुपए फर्जी बिल बनाकर राशि आहरण कर ली गई है। जिसकी शिकायत के बाद भी न तो जांच हो रही है और न ही कोई कार्रवाई हो रही है।

## अंडरब्रिज में भरने लगा पानी दीवारों पर खतरे का निशान

**जांजगीर।** बारिश शुरू होते ही नैला-सिवनी के बीच बने रेलवे अंडरब्रिज में जलभराव होने लगा है। इससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। स्थिति को देखते हुए रेलवे ने अंडरपास में कर्मचारी तैनात कर दिए हैं। अंडरब्रिज की दीवारों पर जल स्तर मापने के लिए पैरामीटर व खतरे का निशान बनाए गए हैं। वहीं, रेल पर्यवेक्षकों के मोबाइल नंबर भी लिखे गए हैं। किसी भी परेशानी की स्थिति में यात्री इन नंबरों पर तुरंत संपर्क कर सकते हैं।



## शिक्षा के प्रकाश को समाज के अंतिम छोर तक ले जाना है : चंदेल

**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिश्ठ नेता नारायण चंदेल आज जिला पंचायत द्वारा आयोजित पाला विकास एवं प्रबंध समिति के अध्यक्षों की कार्यषाला सह-प्रषिक्षण कार्यक्रम में उपस्थितजनों को सम्बोधित करते हुये कहा कि हम सभी लोगों को मिलकर शिक्षा के मशाल को समाज के अंतिम छोर तक ले जाकर प्रज्ज्वलीत करना है। उन्होंने कार्यषाला सह-प्रषिक्षण वर्ग में उपस्थित पाला विकास एवं प्रबंध समिति के अध्यक्षों को उनके कर्तव्य व कार्य का चोध कराते हुये कहा कि हम सभी लोग बहुत जिम्मेदार लोग है गांव हो या नगर वहां के विद्यालयों को विद्या मंदिर के रूप में परिवर्तित करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्ग के लोगों का सहयोग आवष्यक है। विद्यालय छोटा हो या बड़ा वहां मूलभूत आवष्यक सुविधाएं अनिवार्य रूप से हो यह पाला विकास एवं प्रबंध समिति के अध्यक्षों का दायित्व है। मूलभूत सुविधाओं के साथ षिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान देते हुये हमारे गांव व नगर के पढ़ने वाले विद्यार्थीयों को हम कैसे समाज का जिम्मेदार नागरिक बना सके, उनके प्रतिभा को निखार सके इन सभी बातो पर हम सब लोगों को हर समय सजग रहने की आवष्यकता है। श्री चंदेल ने कहा कि पाला के प्रबंधन के साथ हमें समय-समय में बैठकर, पाला का निरिक्षण कर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व विभाग के उच्च अधिकारियों से सत्त संपर्क कर सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने का भी दायित्व हम सभी का है। हमारा स्कूल परिसर हरा-भरा रहे, वातावरण अच्छा रहे इस तरफ भी हम लोगों को आवष्यक रूप से ध्यान देना होगा।

## सावन के महीने में गायों के लिए भंडारा लगेगा

**राहौद।** सावन के पावन महीने में व्यापारी सेवा समिति राहौद की ओर से गायों के लिए विशेष महा भंडारा सेवा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन हर शनिवार और बुधवार की रात 8 बजे तय किया गया है। आयोजन स्थल आलोक अग्रवाल का गृह निवास रहेगा। समिति ने श्रद्धालुओं से इस सेवा में सहभागी बनने की अपील की है। भंडारे में पूड़ी, सब्जी, खीर, चावल, गुड़ और रोटी का विशेष प्रसाद तैयार किया जाएगा।

## शिक्षा गुणवत्ता में सुधार समाज की भागीदारी के बिना संभव नहीं : गगन जयपुरिया






**जांजगीर चांपा।** शासन शिक्षा की स्थिति को किसी भी स्थिति में बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। यही कारण है की प्रतिदिन कई प्रकार की कवायद शिक्षा व्यवस्था को सुधारने में की जा रही है। जिला ऑडिटोरियम जांजगीर में इसी प्रकार का प्रयास जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया के मार्गदर्शन में किया गया। इस आयोजन का मूल उद्देश्य नव मनोनीत शाला विकास प्रबंध समिति के अध्यक्षों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों से परिचित कराना था। इस आयोजन में जिला शिक्षा विभाग के आला अधिकारी से लेकर आम कर्मचारी तक जुटे हुए थे। प्रशिक्षण के प्रथम चरण का प्रारंभ पंजीयन से किया गया। पंजीयन में दूर गाँवो से आए विभिन्न विद्यालयों के शाला विकास समिति के अध्यक्षों ने अपना पंजीयन कराया। पंजीयन कर लेने के उपरांत जिला ऑडिटोरियम कक्ष में सुव्यवस्थित रूप से अपना स्थान ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी पर विराजमान रहे नारायण चंदेल पूर्व नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ शासन। विशिष्ट अतिथि की आसन्दी पर विराजमान रहे अंबेश जांगड़े जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, रवि पांडेय , गुलाब सिंह चंदेल , टिकेश्वर गबेल, प्रशांत ठाकुर, अमर सुल्तानिया, हितेश यादव, संभाग आयुक्त शिक्षा विभाग आर. पी. आदित्य एवं शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी भारद्वाज द्व कार्यक्रम के संयोजक एवं अध्यक्ष गगन जयपुरिया थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया। इसके बाद अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत जिला शिक्षा विभाग के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के उदबोधन में अपने अध्यक्षीय भाषण में जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मनसा शिक्षा को आम जनमानस तक पहुंचाने की रही है। विगत वर्षों में जन भागीदारी विकास समिति के सदस्यों का गठन तो किया जाता था, परंतु उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जाता था।

हमने अध्यक्षों के कार्यो को सुगम बनाने के लिए इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया है,ताकि शासकीय स्कूल को आम जनता से जोड़ा जा सके। नारायण चंदेल ने अपने उदबोधन में कहा कि इस आयोजन के लिए मैं जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया जी को बधाई देना चाहूंगा कि उनके मार्गदर्शन में इस प्रकार का आयोजन पहली बार जिला स्तर में किया जा रहा है। निश्चित रूप से जब अध्यक्ष जागरूक होंगे तभी शाला में विकास की बयार अपने आप बहने लगेगी। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि शासन शिक्षा को आम जनमानस तक पहुंचने के लिए कई स्तरों पर प्रयासरत है जिला जांजगीर में इस प्रकार की पहल शिक्षा को आगे बढ़ा पाने में कारगर साबित होगी।इसके बाद विभिन्न विषयों को लेकर के जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट के प्रशिक्षकों गोपेश साहू, संजय शर्मा, दिनेश कुमार चतुर्वेदी, प्रद्युमन शर्मा ने अध्यक्षों को विद्यालय संबंधी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करनी प्रारंभ की। दूर-दूर से आए जन भागीदारी विकास समिति के अध्यक्षों ने बढ़ चढ़कर इस परिचर्चा में हिस्सा लिया और साथ ही कई प्रकार के प्रश्न पूछे जिनका समाधान प्रशिक्षकों ने सरलता पूर्वक दिया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता दीपक कुमार यादव के द्वारा किया गया।

## खोखरा मोड़ में लगेगी महाराणा प्रताप की प्रतिमा



**जांजगीर-चांपा।** हाल ही में नगर पालिका द्वारा खोखरा मोड में प्रस्तावित महाराणा प्रताप प्रतिमा स्थल पर महाराणा प्रताप चौक स्थापित करने का प्रस्ताव पारित किया गया था जिसके लिए समस्त नगरवासियों के साथ साथ क्षत्रिय परिवार नगर पालिका का आभारी है।

इसके लिए जांजगीर राजपूत क्षत्रिय समाज सेवा समिति के अध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह की अध्यक्षता में समस्त कार्यकारिणी समिति द्वारा आज नगर पालिका नैला जांजगीर के अध्यक्ष, श्रीमती रेखा देवा

गढ़वाल उपाध्यक्ष मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष चन्द्रमौलि शर्मा सभापति अजित गढ़वाल रखु कश्यप गुड्डु कहरा श्रीमती सुनीता अमित यादव श्रीमती खुशबू उमेश राठौर एवं पार्षद श्रीमती निर्मला सिंह देवराज सिंह चंदेल श्रीमती रक्षा धीरज सिंह श्रीमती प्रीति हितेश यादव दिनेश राठौर अरमान खान योगेश चौरसिया सुनील कश्यप श्री विजय अग्रवाल, अक्षय टेकाम श्रीमती रेखा सोनवान श्रीमती मनीषा गोपाल यादव के सम्मान समारोह का आयोजन करते हुवे सभी का स्वागत व स्मृति चिन्न के साथ साल से सम्मान किया गया। जिसमे मुख्य रूप से उपस्थित संरक्षक राजीव सिंह, देवेश सिंह, विवेक सिंह सीसोदिया, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, मनरमन सिंह, विवेक सिंह, हितेश यादव, उमेश राठौर, अमित यादव अभिषेक पटेल राजपूत क्षत्रिय समाज सेवा समिति के उपाध्यक्ष ठा. शिव चमन सिंह रबेन्द्र सिंह संतोष सिंह सचिव सुरेश सिंह क्षत्रिय सह सचिव श्रीधर सिंह कोषाध्यक्ष भुपेन्द्र सिंह राणा सह कोषाध्यक्ष अवधेश सिंह सदस्य पवन सिंह चंदेल किशोर सिंह गहलौत नवनीत सिंह राणा धर्मेद्र सिंह युवराज सिंह राणा ओम ठाकुर ईश्वर सिंह कौशलेंद्र सिंह।

## 77 लाख से स्कूल भवनों की होगी मरम्मत

**जांजगीर।** सरकार द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता और भवनों की स्थिति को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिले के शासकीय स्कूलों में प्राथमिकता के साथ मरम्मत और जीर्णोद्धार कार्य होने से विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले के स्कूलों में मरम्मत के लिए 77 लाख 86 हजार रुपए की लागत से 147 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। 3-3 करोड़ रुपए की लागत से चार कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय भवन बनाए जाएंगे। वहीं प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में शौचालय मरम्मत और नए निर्माण के लिए 47 लाख 10 हजार रुपए की लागत से 240 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इसी तरह हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में शौचालय मरम्मत और नए निर्माण के लिए 27 लाख रुपए की लागत से 91 कार्य स्वीकृत हुए हैं। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने डीईओ को निर्देश दिए हैं कि अत्यधिक जर्जर भवनों के स्थान पर नए भवनों व अतिरिक्त कक्षों का प्रस्ताव भेजें।

इन स्थानों पर बनाए जाएंगे बालिकाओं के लिए भवन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय भवन के लिए 3-3 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसमें हरदी, बिर्रा, बरगांव और पहरिया शामिल हैं। भवन निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा। जिला मिशन समन्वयक ने बताया कि जिले के पीएमश्री विद्यालयों को बेहतर सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए लैब, पुस्तकालय, अतिरिक्त कक्ष निर्माण के 27 कार्य 96.54 लाख की लागत से प्रगति पर हैं।

## जानलेवा हमला के आरोपी को पकड़ा पुलिस ने

**चांपा ।** प्रार्थी दिनेश केवट निवासी कवरपारा चांपा ने गत16.01.2025 को रिपोर्ट दर्ज कराया था की वह अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने हनुमान धारा चाम्पा गया था । तभी आरोपी राजा साहू प्रार्थी को पानी लाने के लिए बोला, प्रार्थी द्वारा पानी लाने के लिए मना करने पर आरोपी गुस्सा होकर अश्लील गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा और धारदार वस्तु से मारने लगा जिससे प्रार्थी के दाढी के नीचे चोट लगा जिसे वहा बैठे उसके दोस्तों के द्वारा बीच बचाव किया गया प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## युवक ने ससुराल में लगाई फांसी

**रायगढ़।** जिले में एक युवक ने ससुराल में फांसी लगाकर जान दे दी। मौत के कारणों का खुलासा अभी नहीं हो सका है। घटना के बाद पुलिस आगे की जांच में जुट गई है। मामला कापू थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक कोरबा क्षेत्र में रहने वाले राजेश नाग (35) की शादी कुछ साल पहले कापू थाना क्षेत्र के अलोला गांव में हुई थी। बताया जा रहा है कि वह शराब पीने का आदी था।


### हसदेव एजुकेशन महाविद्यालय
### आमापाली, तिलकेजा, कोरबा (छ.ग.)

मो. नंबर-9425219924 Gmail : deskorba@gmail.com

एन.सी.टी.ई. से मान्यता प्राप्त एवं अटल बिहारी वाजपेयी वि.वि.बिलासपुर से सम्बद्ध

**ई.प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

शिक्षा संकाय में प्राचार्य पद पर परिनियम-28 के प्रावधानों अनुसार नियमित नियुक्ति हेतु दिनांक 31.07.2025 तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. | पद | रिक्तियां | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राचार्य | कुल पद -01 | एन.सी.टी.ई. द्वारा निर्धारित योग्यता<br>1. किसी भी अध्यापक शिक्षण संस्था में न्यूनतम 08 वर्ष का नियमित अध्यापन अनुभव।<br>2. शिक्षा अथवा किसी शिक्षा शास्त्रीय विषय में पी.एच.डी.<br>3. एम.एड.-55% प्रतिशत एवं कला/विज्ञान/सामाजिक विज्ञान/मानविकी/वाणिज्य में कम से कम 55% प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री। |

नोट : 01. उल्लेखित पद के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा निर्धारित शैक्षणिक योग्यता तथा वेतनमान मान्य होगा।
02. ईच्छुक पात्र उम्मीदवार आवेदन पत्र दो प्रति में पासपोर्ट साईज 02 फोटो और आधार नंबर सहित दिनांक 31 जुलाई 2025 तक महाविद्यालय कार्यालय में पंजीकृत डाक अथवा ई-मेल के द्वारा जमा करा सकते हैं।

**अध्यक्ष/सचिव**
**द्रोणाचार्य एजुकेशन सोसायटी, कोरबा**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**
**मो. नंबर - 9425219924**



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**जांजगीर, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

क्र.1946/अ.वि.अ./व्यपवर्तन/2025
जांजगीर, दिनांक 23/6/25

एतद द्वारा आम जनता कनई को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अशोक कुमार पिता कुशल प्रसाद निवासी ग्राम कनई तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम कनई प.ह.नं.16 तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा स्थित भूमि ख.नं. 197/4 रकबा 0.10 एकड़ भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिए बी-1, खसरा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 07.07.25 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.06.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**जांजगीर**



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**जांजगीर, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

क्र.1943/अ.वि.अ./व्यपवर्तन/2025
जांजगीर, दिनांक 23/6/25

एतद द्वारा आम जनता पेण्ड्री (जां.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विरेन्द्र सिंह पिता सनत सिंह निवासी ग्राम पेण्ड्री तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पेण्ड्री प.ह.नं. 15 तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा स्थित भूमि ख.नं. 465/2, 466/2 में से रकबा 0.03, 0.07 कुल 0.10 एकड़ भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिए बी-1, खसरा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 07.07.25 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.06.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**जांजगीर**


## शक्ति केन्द्रों में जयंती पर याद किया डॉ.मुखर्जी को



**चांपा।** भाजपा नगर मंडल चांपा के द्वारा परम श्रद्धेय डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती को मंडल चांपा के सभी शक्तिकेंद्रों में एवं बूथों में देवतुल्य कार्यकर्ताओं के द्वारा मनाया गया ।

इसी कार्यक्रम के उपलक्ष्य में मंडल स्तर पर शक्तिकेंद्र बसंतपुर के ग्राम लछनपुर में आयोजित किया गया,भाजपा के संस्थापक सदस्य डॉ, श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के जयंती पर शा.उच्च.माध्यमिक विद्यालय लछनपुर में वृक्षारोपण कर संगोष्ठी आयोजित किया गया,वृक्षारोपण कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष संतोष थवाईत के द्वारा बताया गया कि वृक्ष को लगाना ही नहीं अपितु इसका संरक्षण,संवर्धन करना भी हमारा कर्तव्य है जिस प्रकार से 1951 में जनसंघ की स्थापना कर डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों से आज जिस प्रकार से सभी कार्यकर्ता सिंचित हो रहे है ठीक उसी प्रकार से हर पौधों को सिंचित करने में भी हमारी भूमिका रहे,संगोष्ठी में जनपद उपाध्यक्ष शिशुपाल सिंह जी ने डॉ.श्यामाप्रसाद जी के जीवन का आदर्श वाक्य दो देश,दो,विधान और दो प्रधान नहीं चलेगा से संबोधित करते हुए बताया कि देश की अखंडता,संप्रभुता और विविधता में एकता निहित है,इसकी रक्षा करते हुए हमारे आदर्श ने भारत देश के अभिन्न अंग जम्मू कश्मीर के लिए अपने मंत्रीपद से इस्तीफा दे दिया तो वही भाजपा के कार्यकर्ता उनका अनुसरण करते हुए सत्ता से जायदा संगठन को,व्यक्ति से जायदा विचारों को महत्व देते है तो वही भाजपा नेता पवन पाठक ने उनकी शिक्षा दीक्षा पर तो नंद कुमार देवांगन ने उनके सपनों का भारत पर भाषण देते हुए कार्यक्रम को संबोधित किया,इस कार्यक्रम के द्वारा भाजपा के संस्थापक सदस्य के विचारों को कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा जा रहा,जहां भाजपा अपने विचारों की लड़ाई लड़ते हुए आज इतनी बड़ी पार्टी बनी उसका भी विशेष उल्लेख किया गया,इस कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन मंडल उपाध्यक्ष एवं सरपंच गेंदराम कुर्रे ने किया,इस कार्यक्रम में विशेष रूप से मंडल द्वय महामंत्री रामवल्लभ सोनी,गोपीचंद बरेठ,पीतांबर अग्रवाल,नरेंद्र ताम्रकार,रामभरोस केवट रामनारायण केवट साध राम यादव कमल साहू ललित राम कुर्रे सोनू यादव एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे..!!

## अनमोल वचन......

आपका कार्य जितना अच्छा होगा उतना पहले असंभव ही नजर आएगा....

# भावपूर्ण स्त्री के तौर पर ममता को कड़े कदम उठाने चाहिए

*कोलकाता के विधि महाविद्यालय प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ कथित रूप से वरिष्ठ छात्रों द्वारा दुष्कर्म का मामला तूल पकड़ता जा रहा है।*

*दक्षिण कोलकाता के इस परिसर में वह परीक्षा संबंधी प्रवेशपत्र भरने गई थी। मेडिकल जांच में सामूहिक रेप की पुष्टि होने के साथ ही एक सुरक्षाकर्मी गिरफ्तार किया गया। पीड़िता की शिकायत के अनुसार उसे जबरन यूनियन रूम में रोका गया और पूर्व छात्र व आपराधिक मामलों के वकील ने रेप किया।*

*दो अन्य छात्रों ने घटना का वीडियो भी बनाया। शिकायतकर्ता ने बताया, दोषी के विवाह प्रस्ताव को वह पूर्व में ठुकरा चुकी थी। अभियुक्तों का संबंध तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद से बताया जा रहा है। विपक्ष का आरोप है कि शैक्षणिक संस्थाओं में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का दबदबा है। मुख्य आरोपी मनोजित के खिलाफ पहले भी कई विवाद सामने आने के बावजूद उसे कॉलेज में अस्थाई नौकरी मिलने के पीछे राजनीतिक संरक्षण बताया जा रहा है।भाजपा घटना पर मुख्यमंत्री से इस्तीफा देने की मांग कर रही है जबकि उसे बीएचयू की वह घटना याद रखनी चाहिए जिसमें तमाम दबाव के बाद आरोपियों को पकड़ा गया था। तब सत्ताधारी दल ने किस राजनेता पर कार्रवाई की थी। यह खौफनाक है। विभिन्न घटनाओं के आधार पर कहना अतिश्योक्ति नहीं है कि देश के शिक्षण संस्थान और विश्वविद्यालय छात्राओं के लिए अति असुरक्षित हैं। तमाम नियमों व कानूनी पाबंदियों के बावजूद सामने आने वाली ये घटनाएं चुनिंदा हैं क्योंकि छात्राएं घबरा जाती हैं क्योंकि उनके शिक्षा ग्रहण करने में अड़ंगे लगने लगते हैं। सवाल छात्राओं का ही नहीं है, महिलाओं/बच्चियों की सुरक्षा को लेकर सरकारी व प्रशासनिक ढुलमुल रवैया बदल क्यों नहीं रहा। महिलाओं के प्रति अपराध थामने के लिए किए जाने वाले प्रचार, आयोग व दीवारों पर लिखे स्लोगन काफी नहीं कहे जा सकते। राजनीति को शिक्षा से दूर रखने की बात दशकों से होती रही है। उस पर राजनेताओं के अनर्गल बयानों से पीड़िता व उसके परिवार-परिचितों को होने वाले मानसिक कष्ट की भरपाई कैसे हो सकती है। कोलकाता के मेडीकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर के जघन्य रेप/हत्या के जख्म अभी ज्यों-के-त्यों हैं। ममता बनर्जी को राजनीति को हाशिए में ढकेलते हुए भावपूर्ण स्त्री के तौर पर कड़े कदम उठाने से चूकना नहीं चाहिए।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आप बिजनेस को बड़ा बनाने का प्रयास करेंगें, जिसमें आपको बढ़िया धन लाभ होगा। आज महिलाओं को खुद के लिए समय मिलेगा, जिससे वो पसंद का काम कर पाएंगी। छात्रों के लिए आज अच्छा दिन है , उनको पढाई में शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। आज आपके वो सारे काम बनेगे जिनके लिए आप इतने दिनों से परेशान थे। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में सुधार होगा , माता - पिता के आशीर्वाद से सब ठीक होगा। वकीलों के लिए आज अच्छा दिन है , आज उनको केस से जुड़े मामलों में सफलता मिलेगी।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा , लेकिन परिश्रम की अधिकता रहेगी। आज आप किसी सामाजिक समारोह में शामिल होंगे। छात्रों को आज अपने सहपाठी का सहयोग मिलेगा, जिससे उनका छूटा हुआ काम पूरा हो जायेगा।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने का प्लान बना सकते है, आज आपको बढ़िया डील मिलने की संभावना है। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगें , जिससे आपको खुशी मिलेगी। दाम्पत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा , बच्चों का सहयोग प्राप्त होगा। पैतृक सम्पत्ति को लेकर चल रहे किसी मामलें में आज उसका समाधान होगा।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। कंस्ट्रक्शन का काम करने वालों को आज बड़ा ऑफर मिलने वाला है। आज आप भौतिक सामान की खरीदारी करने जा सकते है। शादीशुदा रिश्तों में सुधार होगा , जिससे मन प्रसन्न रहेगा। आज बच्चे किसी बात को लेकर जिद कर सकते है , आप उनको प्यार से समझाएं। लवमेट के लिए आज अच्छा दिन है , आज आप लोग खूब इंज्वॉय करेंगें।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए लाभप्रद रहेगा। रोजगार की तलाश कर रहे व्यक्तियों के लिए आज नए मार्ग प्रशस्त होंगें , जिससे उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी। कर्ज में डूबे हुए व्यक्तियों को आज कर्ज से राहत मिलने वाली है। आज आप किसी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन कर सकते है। आज आपको काम के सिलसिले में किसी दूसरे शहर की यात्रा करनी पड़ सकती है।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आपको व्यापार में बड़ा धन लाभ होगा, जिससे आपको भौतिक सुख की प्राप्ति होगी। अविवाहित व्यक्तियों को आज, विवाह के लिए अच्छा रिश्ता आएगा, जिन लोगों को अच्छे घर फ्लैट की तलाश थी, आज उनको बढ़िया डील मिलेगी। आज आपको किसी रिश्तेदार की घर आने की शुभ सूचना प्राप्त हो सकती है।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आप टीवी डिबेट में बहुत अच्छे से परफोर्म करेंगे, विरोधियों को अपने सामने टिकने नहीं देंगे। नौकरी का इंतजार कर रहे व्यक्तियों को, आज अच्छा ऑफर मिलेगा। आज आप ज्यादा से ज्यादा समय पढ़ने-लिखने में बिताएंगे। छात्र जीवन से जुडी समस्याओं का समाधान होगा।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको बिजनेस में बड़ा आर्डर मिलने की संभावना है। किसी शारीरिक समस्या से आपको निजात मिलेगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, बच्चों के साथ आज आप डिनर पर जायेंगे। साइबर सुरक्षा से जुड़े व्यक्तियों को आज एक अहम जानकारी मिलेगी।

**मकर राशिः** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापारिक दृष्टि से आज आपको धन लाभ होगा, पारिवारिक माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आपके बच्चे आपसे अपनी प्रॉब्लम शेयर करेंगें, आपको उनकी बात ध्यान से सुननी चाहिए। सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों को वरिष्ठ व्यक्तियों से सम्मानित होने का अवसर प्राप्त होगा। आज आप फैमली के साथ टूर प्लान कर सकते है , जिससे सब खुश होंगे।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको बिजनेस में बड़ा धन लाभ होगा, आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आपमें कमाल का आत्मविश्वास देखने को मिलेगा, जिससे लोग आपसे प्रभावित होंगे। कला जगत से जुड़े हुए व्यक्तियों को आज किसी अनुभवी व्यक्ति से सम्मान प्राप्त होगा। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, बच्चे अच्छे से पढाई करेंगे। आज आप दोस्तों के साथ मिलकर पार्टी करेंगें।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज आप अपने बेटे के साथ मिलकर व्यापार को एक नई दिशा प्रदान करेंगे। आज आप किसी सामूहिक समारोह में शामिल हो सकते है। आज आपको मानसिक उलझन से राहत मिलेगी, जिससे आपका काम में मन लगेगा। छात्र आज किसी डिप्लोमा में प्रवेश ले सकते है।

# पर्यावरण के रचनात्मक प्रशासन के जरिए सतत् हरित बदलाव

//भूपेंद्र यादव//

**पर्यावरण कुजनेट्स वक्र (एनवायरनमेंट कुजनेट्स कर्व) से हासिल पर्यावरण के प्रशासन से जुड़ा पारंपरिक ज्ञान यह मानता है कि देश पहले विकास करते हैं और बाद में सफाई में जुटते हैं। यह अनुभवजन्य अंतर्दृष्टि अब विकसित हो चुके उन देशों के अनुभवों से प्रेरित है, जिन्होंने विकास की प्रक्रिया में संसाधन संबंधी जरूरतों को पूरा करने हेतु देश और विदेश में प्राकृतिक पर्यावरण का दोहन किया। लेकिन ऐसी सुविधा भारत जैसे देशों को नसीब नहीं है, जिन्हें अपनी विशाल आबादी की विकास संबंधी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अभी भी तेज गति से विकास करने की जरूरत है।**

जब 2014 में एनडीए सत्ता में आई, तो चुनौती हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मूल सिद्धांतों - सुधार, प्रदर्शन और बदलाव - पर आधारित विकास एवं प्रगति को गति देने की थी। इन सिद्धांतों में जरूरत के हिसाब से पर्यावरण की सुरक्षा के सख्त उपायों से समझौता किए बिना 'व्यवसाय करने में आसानी' की सुविधा प्रदान करते हुए तेजी गति से विकास करना शामिल था। आज 2025 में, हम न सिर्फ इस चुनौती से निपट पाने में सफल रहे हैं बल्कि हमने शासन का एक ऐसा मॉडल तैयार किया है जिसे सारी दुनिया ने माना है। प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण बिल्कुल साफ था। इस प्रणाली को एक ऐसी प्रणाली में बदला जाए जो इकोलॉजी और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए फायदेमंद हो।

वर्ष 2014 में 'स्वच्छ भारत मिशन' की शुरुआत हमारी पहली बड़ी पहल थी। यह पहल स्वच्छता से आगे बढ़कर कचरे के प्रबंधन व पर्यावरण के संरक्षण के लिए एक व्यापक ढांचा स्थापित करने तक जा पहुंची। इस मिशन ने पर्यावरण से जुड़ी चिंताओं को सामाजिक विकास के साथ जोड़ने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाया। इस मिशन को सभी नागरिकों को शामिल करते हुए एक जन आंदोलन के रूप में शुरू किया गया था और एक स्वच्छ एवं संसाधन के मामले में अपेक्षाकृत अधिक कुशल भारत की चाहत को आगे बढ़ाया गया था। विभिन्न शहरों में नागरिकों को पारदर्शी तरीके से वास्तविक समय में वायु की गुणवत्ता की निगरानी से जुड़ी सुविधा प्रदान करने के तुरंत बाद राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक का शुभारंभ किया गया।

वर्ष 2014 में शुरू की गई 'मेक इन इंडिया' पहल में भी कड़े पर्यावरण अनुपालन मानकों को शामिल किया गया। इससे यह साबित हुआ कि हम इकोलॉजी की स्थिरता को बनाए रखते हुए मैन्यूफैक्चरिंग को अपेक्षाकृत बड़े पैमाने पर और तेज गति से बढ़ावा दे सकते हैं। ऊर्जा संबंधी दक्षता को बढ़ावा देने और ऊर्जा पर आधारित अधिक संख्या में उद्योगों को शामिल करने के उद्देश्य से 2015 में प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) योजना का विस्तार किया गया। इससे ऊर्जा संबंधी दक्षता के लिए एक बाजार-आधारित तंत्र का निर्माण हुआ।

कचरे के कारगर प्रबंधन, संसाधन संबंधी दक्षता में बढ़ोतरी और चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 2016 से कचरे के प्रबंधन के सभी प्रमुख नियमों को नियमित रूप से अद्यतन किया जा रहा है। इस दृष्टिकोण का बुनियादी सिद्धांत बाजार आधारित तंत्र और प्रदूषक द्वारा भुगतान के सिद्धांत पर आधारित विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व से जुड़े ढांचे पर निर्भरता में निहित है। प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियम, ई-कचरा प्रबंधन नियम तथा टायर, बैटरी एवं प्रयुक्त तेल अपशिष्ट प्रबंधन नियम आदि इन्हीं सिद्धांतों के आधार पर तैयार किए गए थे। इससे एक ऐसे इकोसिस्टम का निर्माण हुआ, जिसके तहत विभिन्न सामग्रियों के लगभग 4,000 पुनर्चक्रणकर्ताओं को पंजीकृत पुनर्चक्रणकर्ताओं के रूप में अनौपचारिक क्षेत्र से हटाकर औपचारिक क्षेत्र में लाया गया है। इस कदम से वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 1600 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। वर्ष 2022 में शुरू किए गए विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) पोर्टल चक्रीय अर्थव्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, कुल 61,055 उत्पादकों ने प्लास्टिक पैकेजिंग, ई-कचरा, बेकार टायर, बैटरी के कचरे और प्रयुक्त तेल के क्षेत्र में काम करने हेतु ईपीआर पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। अपशिष्ट नियम, 2022 के प्रकाशन और ईपीआर पोर्टल की शुरूआत के बाद, शोधित अपशिष्ट की मात्रा वित्तीय वर्ष 2024-25 में इन नियमों के प्रकाशन से पहले 3.6 एमएमटी प्रति वर्ष की तुलना में बढ़कर 127.48 एमएमटी प्रति वर्ष हो गई है। यह सभी हितधारकों के सहयोग एवं समर्थन से संभव हुआ है।

प्रक्रियागत देरी में कमी लाने और एक व्यापक पर्यावरणीय मूल्यांकन करने के उद्देश्य से 2018 में 'परिवेश' (प्रो-एक्टिव एंड रिस्पॉन्सिव फैसिलिटेशन बाई इंटरएक्टिव, वर्चुअस एंड एनवायरनमेंटल सिंगल-विंडो हब) नाम के एक ऑनलाइन आईटी टूल का शुभारंभ किया गया। प्रधानमंत्री मोदी के 'डिजिटल इंडिया' के विजन को साकार करते हुए, इस डिजिटल प्लेटफॉर्म ने व्यवसाय जगत और पर्यावरण नियामकों के बीच के संवाद में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है। 'परिवेश' ने पर्यावरण संबंधी मंजूरी की बोझिल एवं कागज-आधारित प्रक्रिया को एक सुव्यवस्थित एवं मजबूत डिजिटल अनुभव में बदल दिया है। इस दृष्टिकोण ने जहां पर्यावरण से जुड़े सख्त मूल्यांकन को बनाए रखा है, वहीं इस प्रक्रिया में लगने वाले समय में काफी कमी ला दी है और पारदर्शिता को बढ़ाया है।

वर्ष 2019 में शहरों पर केन्द्रित कार्य योजनाओं से लैस 'राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम' (एनसीएपी) के आधिकारिक शुभारंभ ने हमें नीति निर्माता एवं नियामक से बदलकर अमल करने वाला बना दिया है। एनसीएपी का लक्ष्य 2025-26 तक पीएम10 सांद्रता में 40 प्रतिशत की कमी लाना या आधार वर्ष 2017-18 की तुलना में 60 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर के राष्ट्रीय मानक को हासिल करना है। एनसीएपी के साथ-साथ सीपीसीबी ने एनसीएपी के तहत आने वाले 131 शहरों में वायु की गुणवत्ता के रुझान की बारीकी से निगरानी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे वायु की गुणवत्ता निरंतर बेहतर हुई है। वर्ष 2021 में, गैर-प्राप्ति वाले शहरों में वायु गुणवत्ता के नियमन हेतु पोर्टल (पीआरएएनए) को कागज रहित परियोजना प्रबंधन के एकल बिंदु वाले वेब-आधारित उपकरण के रूप में शुरू किया गया। इससे स्वच्छ वायु से जुड़े उपायों के कार्यान्वयन की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति पर नजर रखना संभव हो सकेगा। 1 जुलाई, 2022 से एकल उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध और 31 दिसंबर 2022 से 120 माइक्रोन से अधिक मोटाई वाली प्लास्टिक शीट पर प्रतिबंध ने जहां पर्यावरण के क्षेत्र में साहसिक नेतृत्व का परिचय दिया, वहीं उसी वर्ष शुरू किए गए 'जल जीवन मिशन' ने पानी की सुलभता को पर्यावरणीय स्थिरता के साथ जोड़ा।

एक व्यापक 'भारत शीतलन कार्य योजना' विकसित करके भारत दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल हो गया है। इस कार्य योजना में विभिन्न क्षेत्रों की शीतलन संबंधी जरूरतों को पूरा करने वाले एक दीर्घकालिक दृष्टिकोण समावेश है तथा इसमें ऐसे कार्यों की सूची दी गई है, जो शीतलन से जुड़ी मांग को कम करने में सहायक हो सकते हैं। विभिन्न क्षेत्रों में शीतलन की जरूरत होती है तथा यह आर्थिक विकास का एक अनिवार्य हिस्सा है। आवासीय एवं वाणिज्यिक भवन, कोल्ड-चेन, प्रशीतन, परिवहन और उद्योग जैसे अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में इसकी जरूरत पड़ती है। भारत ने हाइड्रोफ्लोरोकार्बन (एचएफसी) के उत्सर्जन में चरणबद्ध तरीके से कमी लाने हेतु 27 सितंबर 2021 को मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल में किगाली संशोधन का अनुमोदन किया। इसके तहत 2032 से आगे चार चरणों में चरणबद्ध तरीके से इस कार्य को पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई गई है और 2032, 2037, 2042 एवं 2047 में उत्सर्जन में क्रमशः 10 प्रतिशत, 20 प्रतिशत, 30 प्रतिशत और 85 प्रतिशत की कटौती की जाएगी। वर्ष 2022 में पारित ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) अधिनियम ने भारत की कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग योजना की स्थापना की। इससे उत्सर्जन में कमी से संबंधित बाजार आधारित तंत्र का निर्माण हुआ। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के तहत 2023 में हमारी कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग योजना का संचालन देश के पहले व्यापक कार्बन बाजार के निर्माण की राह में एक अहम पड़ाव है। 1 नवंबर 2021 को ग्लासगो में सीओपी26 के दौरान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा घोषित 'मिशन लाइफ' (पर्यावरण के लिए जीवनशैली) मानव व्यवहार को प्रेरित करके टिकाऊ उपभोग पैटर्न को बढ़ावा देने वाला एक और अनुकरणीय कदम है।

कार्बन क्रेडिट के अलावा, 'ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम' के रूप में एक सकारात्मक उपाय की शुरुआत 2023 में संयुक्त अरब अमीरात में सीओपी28 के दौरान की गई ताकि पर्यावरण से संबंधित सकारात्मक कार्यों को पुरस्कृत किया जा सके और स्वैच्छिक पर्यावरणीय प्रबंधन को प्रेरित करने वाले प्रोत्साहनों का सृजन किया जा सके।

वर्ष 2024 में देश भर में भारत स्टेज 6 (बीएस-6) उत्सर्जन मानदंडों का पूर्ण कार्यान्वयन और टिकाऊ वित्त हेतु हमारे हरित कर प्रणाली (ग्रीन टैक्सोनॉमी) के ढांचे का विकास ऐसे कदम हैं जो स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। ये कदम इस बात को भी दर्शाते हैं कि पर्यावरण से जुड़ा प्रशासन कैसे तकनीकी उन्नति और वित्तीय नवाचार को बढ़ावा दे सकता है।

पर्यावरण के अनुकूल और गुणवत्ता वाले टिकाऊ उत्पादों के उत्पादन व उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, मंत्रालय ने ई(पी) अधिनियम, 1986 के तहत इकोमार्क नियम, 2024 को अधिसूचित किया है। इसमें उत्पादन और उपभोग की टिकाऊ पद्धतियों को प्रोत्साहित करने हेतु उत्पादों की 80 उप-श्रेणियों के साथ 17 व्यापक श्रेणियां शामिल की गई हैं और सीपीसीबी को प्रमुख प्रशासनिक एजेंसी के रूप में नामित किया गया है।

वर्ष 2018 में 'परिवेश' के शुभारंभ से लेकर 2024 में 'परिवेश 2.0' तक का विकास, पर्यावरण संबंधी प्रबंधन एवं निगरानी की प्रक्रिया में निरंतर तकनीकी व गुणात्मक सुधार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 'परिवेश 2.0' में जीआईएस से लैस एक आधुनिक निर्णय समर्थन प्रणाली और एक बेहतर पर्यावरणीय मूल्यांकन सुविधाओं का समावेश है। राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली में पर्यावरण संबंधी मंजूरी को समन्वित करने से व्यवसाय संबंधी अनुमोदन का एक 'वन-स्टॉप' डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार हुआ। इससे व्यवसाय करने में आसानी से जुड़ी विश्व बैंक की रैंकिंग में भारत का स्थान की नाटकीय रूप से बेहतर हुआ। भारत इस रैंकिंग में 2014 में 142वें स्थान से उछलकर 2020 में 63वें स्थान पर पहुंच गया। वर्ष 2014-2020 के बीच, हमने 2,115 आवेदनों में से लगभग 2,053 परियोजनाओं को पर्यावरण संबंधी मंजूरी प्रदान की जिससे आवेदनों को निपटाने की दक्षता में उल्लेखनीय सुधार हुआ।

कचरे के उत्सर्जन में कमी लाने के लिए उत्कृष्ट पद्धतियों को अपनाने हेतु उद्योगों को प्रोत्साहित करने तथा अनुपालन संबंधी बोझ को कम करने के उद्देश्य से, उद्योगों को वर्गीकृत करने की एक नई पद्धति शुरू की गई है। इस वैज्ञानिक दृष्टिकोण के तहत विभिन्न गतिविधियों को लाल, नारंगी, हरे, सफेद और नीले रंग की श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। नीले रंग की नई श्रेणी वाले उद्योग सीवेज शोधन संयंत्र, खाद बनाने वाली इकाई, बायोगैस संयंत्र और सामग्रियों की पुनर्प्राप्ति से जुड़ी सुविधा जैसे पर्यावरण के अनुकूल सकारात्मक उपायों से लैस होते हैं।

जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते जा रहे हैं, पर्यावरण से जुड़ा हमारा प्रशासकीय ढांचा उन्नत एआई क्षमताओं, उन्नत सार्वजनिक भागीदारी तंत्र और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप पर्यावरण प्रबंधन प्रणालियों से लैस होकर विकसित होता जा रहा है। उन्नत डिजिटल निगरानी प्रणाली और ईएसजी रिपोर्टिंग की ठोस व्यवस्थाओं समेत 2025 में हुए हालिया विकास, अत्याधुनिक बने रहने के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाते हैं।

लालफीताशाही से लेकर हरित रचनात्मकता तक की दशक भर की यह यात्रा इस तथ्य को रेखांकित करती है कि एक दूरदर्शी नेतृत्व बहुत कुछ हासिल कर सकता है। पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक विकास के बीच संतुलन बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण ने शासन का एक ऐसा मॉडल तैयार किया है, जो एक साथ कई उद्देश्यों को पूरा करता है। अब जबकि हम विकसित भारतञ्च2047 के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में अग्रसर हैं, एक दशक से अधिक समय में लागू किया गया पर्यावरण से जुड़ा प्रशासकीय ढांचा टिकाऊ विकास के लिए एक ठोस आधार प्रदान करता है।

# विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था में विश्वास बढ़ा

//प्रह्लाद सबानानी//

**विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की अपनी अपनी विशेषताएं हैं, जिसके आधार पर यह अर्थव्यवस्थाएं विश्व में उच्च स्थान पर पहुंची हैं एवं इस स्थान पर बनी हुई हैं। प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में आज भी कई विकसित देश भारत से आगे हैं। इन समस्त देशों के बीच चूंकि भारत की आबादी सबसे अधिक अर्थात 140 करोड़ नागरिकों से अधिक है, इसलिए भारत में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद बहुत कम है।**


भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.19 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है तथा प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद केवल 2,880 अमेरिकी डॉलर है। भारत के पीछे आने वाले देशों में हालांकि सकल घरेलू उत्पाद का आकार कम जरूर है परंतु प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में यह देश भारत से बहुत आगे हैं। जैसे जापान के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.18 लाख करोड़ है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 33,960 अमेरिकी डॉलर है। ब्रिटेन के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.84 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 54,950 अमेरिकी डॉलर है। फ्रांस के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.21 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 46,390 अमेरिकी डॉलर है। इटली के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 2.42 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 41,090 अमेरिकी डॉलर है। कनाडा के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 2.23 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 53,560 अमेरिकी डॉलर है। ब्राजील के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 2.13 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 9,960 अमेरिकी डॉलर है। सकल घरेलू उत्पाद के आकार के मामले में विश्व की सबसे बड़ी 10 अर्थव्यवस्थाओं में भारत शामिल होकर चौथे स्थान पहुंच जरूर गया है परंतु प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में भारत इन सभी अर्थव्यवस्थाओं से अभी भी बहुत पीछे है।

इस सबके पीछे सबसे बड़े कारणों में शामिल है भारत द्वारा वर्ष 1947 में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति पश्चात, आर्थिक विकास की दौड़ में बहुत अधिक देर के बाद शामिल होना। भारत में आर्थिक सुधार कार्यक्रमों की शुरु आत वर्ष 1991 में प्रारम्भ जरूर हुई परंतु इसमें इस क्षेत्र में तेजी से कार्य वर्ष 2014 के बाद ही प्रारम्भ हो सका है। इसके बाद, पिछले 11 वर्षों में परिणाम हमारे सामने हैं और भारत विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था से छलांग लगते हुए आज 4थी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। दूसरे, इन देशों की तुलना में भारत की जनसंख्या का बहुत अधिक होना, जिसके चलते सकल घरेलू उत्पाद का आकार तो लगातार बढ़ रहा है परंतु प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद अभी भी अत्यधिक दबाव में है।

अमेरिका में तो आर्थिक क्षेत्र में सुधार कार्यक्रम 1940 में ही प्रारम्भ हो गए थे एवं चीन में वर्ष 1960 से प्रारम्भ हुए। आज भारत सकल घरेलू उत्पाद के आकार के मामले में विश्व में चौथे पर पहुंच गया है परंतु भारत को प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में जबरदस्त सुधार करने की आवश्यकता है। भारत पूरे विश्व में आध्यात्म के मामले में सबसे आगे है अतः भारत को धार्मिक पर्यटन को सबसे तेज गति से आगे बढ़ाते हुए युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर निर्मित करने चाहिए जिससे नागरिकों की आय में वृद्धि करना आसान हो। दूसरे, भारत में 80 करोड़ आबादी का युवा (35 वर्ष से कम आयु) होना भी विकास के इंजिन के रूप में कार्य कर सकता है।

## तस्वीरों की दुनिया


हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के थुनाग क्षेत्र में बादल फटने से आई बाढ़ के बाद एक पुल ढह गया और नदी के तट क्षतिग्रस्त हो गए।


हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के थुनाग क्षेत्र में बादल फटने से आई बाढ़ और भूस्खलन के बाद क्षतिग्रस्त मकानों और मलबे का दृश्य।



लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने छपरा के राजेंद्र स्टेडियम में पार्टी द्वारा आयोजित नव-संकल्प महासभा कार्यक्रम को संबोधित किया।


भाजपा सांसद कंगना रनौत ने मंडी के सिराज में थुनाग और लंबाथाच के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।


छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर में श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।


जम्मू में राम मंदिर बेस कैंप में अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण का इंतजार करते तीर्थयात्री।


भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ नई दिल्ली के विज्ञान भवन में नवनियुक्त पैरामेडिकल स्टाफ को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

# निजी व राजनीतिक स्वार्थ के लिए आतंकवाद का समर्थन स्वीकार्य नहीं, ब्रिक्स सम्मेलन में बोले पीएम मोदी



**नईदिल्ली, 07 जुलाई [एजेंसी]।**

आतंकवाद के विरुद्ध आक्रामक कूटनीति जारी रखते हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसको लेकर जोरदार तरीके से भारत का पक्ष रखा। अप्रैल में हुए पहलगाम हमले को पूरी मानवता पर आघात बताते हुए भारतीय प्रधानमंत्री ने वैश्विक शक्तियों से आह्वान किया कि वह आतंकवाद को लेकर दोहरा रुख नहीं अपनाएं। उन्होंने आतंकियों के विरुद्ध प्रतिबंध लगाने में किसी तरह का संकोच नहीं दिखाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि निजी व राजनीतिक स्वार्थ के लिए आतंकवाद का समर्थन कतई स्वीकार्य नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी के इस बयान के कुछ ही देर बाद ब्रिक्स नेताओं की तरफ से घोषणा पत्र जारी किया गया जिसमें 22 अप्रैल, 2025 को जम्मू-कश्मीर (पहलगाम) में हुए आतंकी हमले को पूरी तरह से अनुचित बताते हुए इसकी कड़े शब्दों में निंदा की गई। ब्रिक्स ने हर देश से आतंकवाद के विरुद्ध जीरो-टोलरेंस की नीति अपनाने की भारत की मांग दोहराते हुए इस बारे में दोहरे मानदंडों को समाप्त करने की भी बात कही। ब्राजील के शहर रियो डी जेनेरियो में जारी घोषणा पत्र में कहा गया है, जम्मू व कश्मीर में 22 अप्रैल के आतंकी हमले, जिसमें 26 लोगों की हत्या हुई और कई लोग घायल हुए हैं, की हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। हम सीमा पार आतंकवाद, आतंकियों का वित्तपोषण व उन्हें सुरक्षित पनाह देने समेत हर तरह के आतंकवाद के विरुद्ध अपनी प्रतिबद्धता जताते हैं। ब्रिक्स देशों में आतंकवाद के विरुद्ध सहयोग के मौजूदा ढांचे को और मजबूत बनाने पर भी बात हुई है। इसमें सभी देशों से आग्रह किया गया है कि वह संयुक्त राष्ट्र के नियमों के मुताबिक घोषित अतंरराष्ट्रीय आतंकियों व आतंकी संगठनों के विरुद्ध कदम उठाएं। अगले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता भारत करेगा। इस बैठक में हिस्सा लेने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने सभी सदस्य देशों को भारत आमंत्रित भी किया। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दो सत्रों को मोदी ने संबोधित किया। एक सत्र में उनका जोर वैश्विक संस्थानों में सुधार को लेकर था, तो शांति व सुरक्षा विषय पर आयोजित दूसरे सत्र में उनका भाषण पूरी तरह से आतंकवाद पर केंद्रित था।शांति व सुरक्षा सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, आतंकवाद आज मानवता के लिए सबसे गंभीर चुनौती बनकर खड़ा है। हाल ही में भारत ने एक अमानवीय और कायरतापूर्ण आतंकी हमले का सामना किया। पहलगाम में हुआ आतंकी हमला भारत की आत्मा, अस्मिता और गरिमा पर सीधा प्रहार था।उन्होंने कहा कि यह हमला केवल भारत पर नहीं, पूरी मानवता पर आघात था।

आतंकवाद की निंदा हमारा सिद्धांत होना चाहिए, केवल सुविधा नहीं। आतंकवाद को लेकर कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं होना चाहिए। अगर हम यह नहीं कर सकते तो यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई को लेकर हम गंभीर हैं भी या नहीं। मोदी शनिवार देर रात ब्राजील पहुंचे थे। जहां रविवार को शिखर सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें वैसे चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन जैसे शीर्ष नेताओं ने हिस्सा नहीं लिया।ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बाद वह ब्राजील की द्विपक्षीय यात्रा शुरू करेंगे। सोमवार को उनकी राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा के साथ द्विपक्षीय बैठक होगी। ब्राजील के बाद प्रधानमंत्री मोदी नामीबिया की यात्रा पर भी जाएंगे।

## फीस माफी संभव नहीं, स्कूल ने पंखुड़ी को लौटाया,सीएम योगी ने अधिकारियों को छात्रा के एडमिशन के दिए थे निर्देश



**गोरखपुर, 07 जुलाई [एजेंसी]।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से एक जुलाई को जनता दर्शन में मिली छात्रा पंखुड़ी का दाखिला पांच दिन बाद भी स्कूल में नहीं हो सका। पिता राजीव त्रिपाठी का आरोप है कि प्रधानाचार्य ने न केवल उनके साथ खराब बर्ताव किया बल्कि फीस माफी में असमर्थता जताकर लौटा दिया। प्रधानाचार्य राजेश सिंह ने छात्रा या पिता के स्कूल न आने की बात कही जिस पर पिता ने दावा किया कि स्कूल के सीसीटीवी फुटेज में इसे देखा जा सकता है। मामले के तूल पकड़ने पर प्रशासन हरकत में आया और बीएसए ने रविवार को आननफानन पत्र जारी कर स्कूल प्रबंधन से छात्रा के आवेदन पर विचार को कहा। पिता ने कहा कि सोमवार को पत्र लेकर वह दोबारा स्कूल जाएंगे। पुर्दिलपुर की रहने वाली पंखुड़ी ने गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी परेशानी बताई थी। उसने कहा था कि वह सरस्वती शिशु मंदिर, पक्कीबाग में सातवीं की छात्रा थी। आर्थिक वजहों से उसकी पढ़ाई छूट गई है। पिता राजीव त्रिपाठी बीमार हैं और मां मीनाक्षी दुकान पर काम करती हैं। फीस न जमा हो पाने के कारण वह स्कूल जाने की बजाय मुख्यमंत्री के पास मदद की उम्मीद लेकर आई है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया था कि फीस के अभाव में पंखुड़ी की पढ़ाई नहीं रुकनी चाहिए। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी जब किसी ने उनकी सुध नहीं ली तो शनिवार दोपहर छात्रा पंखुड़ी अपने पिता राजीव त्रिपाठी के साथ स्कूल पहुंची। पिता ने बताया कि बेटी पंखुड़ी की तरफ से लिखा आवेदन उन्होंने प्रधानाचार्य राजेश सिंह को सौंपा।आवेदन पत्र देखते ही प्रधानाचार्य भड़क गए और बोले की तुम्हें जनता दर्शन में नहीं जाना चाहिए था। तुमने हमारे विद्यालय की छवि खराब कर दी है। फीस माफी संभव नहीं है। प्रधानाचार्य का बर्ताव देखकर पिता-पुत्री दोनों अचंभित रह गए और निराश होकर लौट आए।इस प्रकरण का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद पंखुड़ी और उसके पिता के आरोपों के संबंध में प्रधानाचार्य राजेश सिंह से पूछा गया तो वह मुकर गए। उन्होंने कहा कि पिता या बेटी मुझसे मिलने ही नहीं आए थे और छात्रा को विद्यालय में प्रवेश दिया जाएगा। प्रक्रिया में थोड़ा समय लग रहा है। इस प्रकरण को मुद्दा बनाते हुए सपा के स्थानीय नेताओं ने पंखुड़ी से संपर्क कर स्कूल में प्रवेश दिलाने का आश्वासन दिया लेकिन छात्रा ने कहा कि मुझे मुख्यमंत्री जी पर भरोसा है और वही मेरा प्रवेश दिलाएंगे। मुझे किसी दूसरे की मदद की आवश्यकता नहीं है। पिता राजीव त्रिपाठी ने बताया कि रविवार को शिक्षा विभाग के दो अधिकारी मेरे घर आए थे। बताया कि डीएम साहब के आदेश से आए हैं।

## हर मंदिर में हो गोशाला, केरल के राज्यपाल का सुझाव कहा- सनातन धर्म की शिक्षा के लिए मंदिरों में हो पाठशाला



**कन्नूर (केरल)।** केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने दक्षिणी राज्य के प्रत्येक मंदिर में गोशाला, सनातन धर्म सिखाने और पढ़ाने के लिए पाठशालाएं और अस्पताल स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है।उन्होंने सुझाव दिया कि देवस्थानम बोर्ड इस कार्य को लागू कर सकता है। अर्लेकर ने शनिवार शाम यहां तालिपरंबा के श्री राजराजेश्वरा मंदिर में भगवान शिव की एक कांस्य प्रतिमा का अनावरण करने के बाद कहा कि सभी मंदिरों में चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा, हमारे सभी मंदिरों में एक गोशाला होनी चाहिए, जहां सभी सड़क पर घूमने वाले मवेशियों को लाया जाए। यह हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। गोशाला के लिए दान देने के लिए कई लोग तैयार होंगे।राज्यपाल ने कहा कि मानव सेवाही माधव सेवा है। इसलिए, हमें अस्पताल की सुविधा भी प्रदान करनी चाहिए। मरीज की सेवा अनिवार्य है। ये तीनों चीजें देवस्थानम बोर्ड द्वारा स्थापित की जा सकती हैं। अर्लेकर ने कहा कि लोग जब हम उनसे मांगते हैं तो किसी भी चीज के लिए दान देने के लिए तैयार होते हैं। हमें उनके पास जाना होगा। यही आज की आवश्यकता है। जो भी भगवान और मंदिर के चरणों में आता है, उसे फिर से जनता, समाज और लोगों को दिया जाना चाहिए। उन्हें यह सुविधा एक गोशाला, एक शैक्षणिक संस्थान और अस्पताल या चिकित्सा सुविधा के रूप में दी जानी चाहिए।

## फ्रांसीसी खुफिया रिपोर्ट में बड़ा खुलासा, भारत-पाक संघर्ष के दौरान चीन का डिसइन्फो अभियान, राफेल के प्रदर्शन पर उठाए सवाल



**नईदिल्ली, 07 जुलाई [एजेंसी]।**

फ्रांसीसी खुफिया और रक्षा अधिकारियों के अनुसार चीन ने अपने विदेश स्थित राजदूतावासों को निर्देश दिया है कि वे राफेल लड़ाकू विमानों की साख पर सवाल उठाएं, खासकर मई में भारत-पाक के बीच हुए संघर्ष के बाद। इसका मकसद फ्रांस के महत्वाकांक्षी विमान की बिक्री को प्रभावित करना बताया जा रहा है। पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने पांच भारतीय विमानों को गिराया, जिसमें तीन राफेल शामिल थे। पर फ्रांस ने इस बयान को खारिज करते हुए केवल एक राफेल, एक मिराज-2000 और एक सुखोई की हानि स्वीकार की थी। फ्रांसीसी खुफिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने विदेशों में रक्षा अधिकारियों के साथ मीटिंग में राफेल की कमज़ोर प्रदर्शन क्षमता का प्रचार किया।चीन यह सुझाव भी दे रहा है कि इंडोनेशिया जैसे मौजूदा ग्राहक अल्टरनेटिव विमानों को चुनें और नए ग्राहक चीनी विमानों की ओर आकर्षित हों। सोशल मीडिया पर फैलाए गए कई फर्जी पोस्ट और तस्वीरें, जिनमें राफेल का मलबा दिखाया गया।वीडियो गेम क्लिप और एआई द्वारा बनाई गई कंटेंट के जरिए दावा फैलाया गया कि राफेल चीन-निर्मित विमानों से कमजोर है। मई में भारत-पाक के बीच हुए संघर्ष के दौरान एक हजार से अधिक नए सोशल मीडिया अकाउंट बनाए गए, जिन्होंने चीनी तकनीक सर्वोत्तम का संदेश भेजा। फ्रांसीसी रक्षा मंत्रालय ने इसे राफेल और फ्रांस की प्रतिष्ठा पर एक विशाल डिसइन्फो अभियान करार दिया।

फ्रांस का कहना है कि यह हमला सिर्फ विमान पर नहीं, बल्कि उसकी रणनीतिक और तकनीकी आत्मनिर्भरता पर भी निशान है। चीन की ओर से प्रतिक्रिया में इसका खंडन किया गया और कहा गया कि यह बिना आधार की अफवाह है और चीन एक जिम्मेदार रक्षा निर्यातक है।राफेल की दुनिया भर में आठ देशों (इंडोनेशिया, ईजिप्ट, कतर, यूनाइटेड अरब अमीरात, ग्रीस, क्रोएशिया, सर्बिया) में बिक्री हो चुकी है। इंडोनेशिया ने 42 खरीदे हैं, इसके साथ ही और भी खरीदने पर विचार कर रहा है।रक्षा विशेषज्ञ जस्टिन ब्रोंक (आर्मी/वायु सेना विश्लेषक) का कहना है कि चीन इस अभियान से फ्रांस के Indo-Pacific क्षेत्र में बढ़ रहे प्रभाव को कम करना चाहता है।

## छत्रपति संभाजी महाराज ने 16 भाषाएं सीखी थीं, शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ ने ठाकरे भाइयों पर बोला हमला



**छत्रपति संभाजीनगर, 07 जुलाई [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र में हिंदी को लेकर विवाद के बीच एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड़ ने शिवसेना-यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे पर रविवार को हमला बोला। गायकवाड़ ने छत्रपति संभाजी महाराज के बहुभाषाविद् होने का हवाला देते हुए गायकवाड़ ने कहा, क्या छत्रपति संभाजी महाराज मूर्ख थे कि उन्होंने 16 भाषाएं सीखी थीं। ताराबाई और जिजाबाई ने भी हिदी सहित कई भाषाएं सीखी थीं। क्या वह भी मूर्ख थीं। हमें जितनी संभव हो सके भाषाएं सीखनी चाहिए। गौरतलब है कि करीब 20 साल पहले अलग हुए दो चचेरे भाई उद्धव और राज ठाकरे ने शनिवार को मुंबई में संयुक्त रैली की थी। ठाकरे भाइयों ने देवेंद्र फडणवीस सरकार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत तीन भाषा नीति पर सरकारी प्रस्तावों को वापस लेने को अपनी सफलता करार दिया। दोनों भाइयों ने राज्य में हिंदी थोपने और मराठी को दरकिनार करने के सरकार के सभी प्रयासों का विरोध करने का संकल्प लिया। बुलढाणा से विधायक ने ठाकरे भाइयों पर हमला बोलते हुए कहा, भाषा के मुद्दे पर राजनीति करना गलत है। अगर हम आतंकवाद को रोकना चाहते हैं तो हमें उर्दू भी सीखनी चाहिए। इतिहासकारों के अनुसार, छत्रपति संभाजी महाराज विद्वान राजा थे। उन्हें संस्कृत, मराठी सहित कई भाषाओं का ज्ञान था। महाराष्ट्र के मंत्री आशीष शेलार ने राज्य में हिंदी भाषियों पर किए जा रहे हमले की तुलना पहलगाम आंतकी हमले से की है। उन्होंने रविवार को कहा कि आतंकियों ने पहलगाम में पर्यटकों को उनके धर्म के आधार पर निशाना बनाया, वहीं राज्य में भाषाई आधार पर लोगों पर हमले किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा मराठी लोगों के सम्मान की रक्षा करेगी और गैर-मराठी बाशिंदों की भी हिफाजत करेगी। उन्होंने कहा कि मराठी हमारे लिए राजनीतिक मुद्दा नहीं है। हाल में इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुए वीडियो में मनसे के कार्यकर्ता मुंबई के भयंदर इलाके में एक दुकानदार की पिटाई करते हुए देखे जा सकते हैं, क्योंकि उसने कथित तौर पर मराठी में बात करने से इन्कार कर दिया था।आशीष ने कहा, पहलगाम आतंकी हमले में, लोगों को गोली मारने से पहले उनका धर्म पूछा गया था। यहां लोगों पर उनकी भाषा के आधार पर हमला किया जा रहा है। यह निराशाजनक है। भाजपा नेता नितेश राणे ने मराठी में बात न करने पर निशाना बनाए जाने पर आपत्ति जताई है, जबकि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता प्रताप सरनाईक ने कहा कि मराठी पर मनसे का एकाधिकार नहीं है। गौरतलब है कि 22 अप्रैल, 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी, जिनमें से अधिकांश पर्यटक थे।

# मस्क ने क्यों बनाई अलग राजनीतिक पार्टी अमेरिकियों से है डायरेक्ट कनेक्शन, ट्रंप की बढ़ेगी टेंशन



**न्यूयॉर्क, 07 जुलाई [एजेंसी]।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से नाटकीय मतभेद के बाद टेक दिग्गज एलन मस्क ने राजनीति के मैदान में उतरने का फैसला कर लिया है। पिछले राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप का खुलकर समर्थन करने वाले मस्क ने अब उनसे सीधी टक्कर लेने के लिए नया राजनीतिक दल बनाने का एलान कर दिया है। मस्क ने कहा कि उन्होंने अमेरिकियों को उनकी आजादी वापस दिलाने के लिए एक नई राजनीतिक पार्टी बनाई है। उन्होंने अपने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपनी योजनाओं की घोषणा की और कहा कि उन्होंने देश में दो दलीय प्रणाली को चुनौती देने के लिए अमेरिका पार्टी की स्थापना की है। मस्क ने पोस्ट किया, आपको आपकी आजादी वापस दिलाने के लिए आज अमेरिका पार्टी बनाई गई है। जब हमारे देश को बर्बादी और भ्रष्टाचार से दिवालिया बनाने की बात आती है, तो हम एक दलीय प्रणाली में रहते हैं, लोकतंत्र में नहीं। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ने एक अन्य पोस्ट में कहा-हमने दोनों पार्टियों को आजमाया है। अमेरिका किसी ऐसी चीज के लिए तैयार है जो वास्तव में कारगर हो। अमेरिका पार्टी-अब बीच के लोगों की आवाज है। चुप रहने वाले ज्यादातर लोग अब चुप नहीं हैं। यही वह क्षण है, जब सब कुछ बदल जाता है। अमेरिका पार्टी अब यहां है।

यह उस व्यवस्था का जवाब है, जिसने सुनना बंद कर दिया है।मस्क ने यह नहीं बताया है कि उनकी पार्टी का रजिस्ट्रेशन कहां होगा। कानूनी रूप से पार्टी बनाने के लिए उसे संघीय चुनाव आयोग में रजिस्टेशन कराना होगा। सीएनएन ने कहा है कि चुनाव आयोग की हालिया फाइलिंग में ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है। मस्क ने पहली बार ट्रंप के साथ सार्वजनिक लड़ाई के दौरान पार्टी बनाने की संभावना जताई थी। इसके कारण उन्हें प्रशासन के सरकारी दक्षता विभाग में अपनी भूमिका छोड़नी पड़ी और राष्ट्रपति के साथ सार्वजनिक विवाद में शामिल होना पड़ा। मस्क के अनुसार, अमेरिका पार्टी का लक्ष्य सरकारी बर्बादी को कम करने पर केंद्रित वित्तीय रूप से रूढ़िवादी ताकत बनना होगा। एक्स पर उन्होंने अपने समर्थकों के साथ एक सर्वेक्षण साझा किया, जिसमें 12.50 लाख लोगों में से 65 प्रतिशत ने पार्टी के निर्माण के लिए हां कहा। मस्क ने दावा किया कि उनकी पार्टी डेमोक्रेट और रिपब्लिकन दोनों की कमियों को सुधारेगी।लोगों की सच्ची इच्छा पूरा करने पर जोर हालांकि मस्क ने अमेरिका पार्टी के कानूनी ढांचे या नेतृत्व के बारे में तुरंत विवरण नहीं दिया, लेकिन उन्होंने एक प्रारंभिक रणनीति की रूपरेखा तैयार की।

उन्होंने लिखा, इस पर अमल करने का एक तरीका सिर्फ दो या तीन सीनेट सीटों और आठ से 10 हाउस जिलों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। बहुत कम विधायी अंतर को देखते हुए यह विवादास्पद कानूनों पर निर्णायक वोट के रूप में काम करने के लिए पर्याप्त होगा। यह सुनिश्चित करते हुए कि वे लोगों की सच्ची इच्छा को पूरा करते हैं।

## सीतापुर में मुहर्रम के जुलूस के दौरान दो स्थानों पर मारपीट, ईंट-पत्थर चले, कई लोग घायल



**सीतापुर 07 जुलाई।** मुहर्रम पर जुलूस निकालने के दौरान महमूदाबाद व इमलिया सुल्तानपुर में मारपीट में कई लोग चोटिल हो गए। इमलिया सुल्तानपुर के चौकी तिहार के सहादतनगर में जुलूस निकल रहा था। नौवा अंबरपुर का ताजिया भी कर्बला पहुंचा। सहादतनगर के बेचेलाल की दुकान के बाहर ईंटे लगीं थी। जिसे ताजियेदार उठाने लगे। ईंट उठाने से मना करने पर ताजियेदारों ने उसकी पिटाई कर दी। इसको लेकर दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गये। सीओ महोली दीपक सिंह, थानाध्यक्ष श्यामू कनौजिया मौके पर पहुंचे। मारपीट करने वाले भाग गए। सीओ ने बताया मामले की जांच की जा रही है। रेवान के शिवा गांव में ताजिया जुलूस के दौरान बताशा-पानी का ठेला लगाए थे। इसी दौरान देर रात गांव के आजाद ने पानी मांगा। इसको लेकर दोनों में कहां सुनी के बाद मारपीट हो गई।

# टीकमगढ़ में धार्मिक स्थल पर मिला व्यक्ति का कटा सिर, नरबलि की आशंका

**टीकमगढ़ 07 जुलाई।** मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में धार्मिक स्थल (गौड़ बाबा का चबूतरा) पर एक युवक का कटा सिर मिला है। धड़ कुछ ही दूरी पर पड़ा मिला। जहां सिर पड़ा मिला, वहां पूजन सामग्री, फूल, सिंदूर, कटा नीबू, नारियल, शराब, पानी की बोतल व नमकीन बरामद किए गए हैं। कुछ पूजन सामग्री पास के नीम के पेड़ पर भी चढ़ाई गई थी।इससे नरबलि की आशंका गहरा गई है।

शव मिलने के कुछ ही घंटे पहले मृतक के कैंसर पीड़ित पिता की मौत हो गई थी। थाना प्रभारी रश्मि जैन के अनुसार चंदेरा थाना क्षेत्र के विजयपुर गांव निवासी अखिलेश कुशवाह शनिवार शाम घर से दूध लाने की बात कह कर निकला था।रविवार सुबह ग्रामीणों ने उसका शव देखा।

धड़ और सिर अलग-अलग पाए गए। मृतक के भाई का आरोप है कि तांत्रिक क्रिया के लिए उसके भाई की नरबलि दी गई है। सबसे बड़ा होने से पारिवारिक जिम्मेदारी अखिलेश पर ही थी। पिता के कैंसर पीड़ित हो जाने के बाद से ही अखिलेश नशा भी करने लगा था।

## फर्जी फसल बीमा दावा करने वालों पर होगा एक्शन इन किसानों को ब्लैकलिस्ट करेगी महाराष्ट्र सरकार



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र की फडणवीस सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। दरअसल, राज्य सरकार उन किसानों को ब्लैकलिस्ट में डालने की तैयारी कर रही है, जिन्होंने फर्जी फसल बीमा दावे प्रस्तुत किया है और बीमा का लाभ किया है।बताया जा रहा है कि राज्य कृषि विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि पहले यह कार्रवाई मुख्य रूप से बिचौलियों और सेवा प्रदाताओं तक ही सीमित थी। बता दें कि अधिकारी ने बताया कि यह निर्णय फसल बीमा कार्यक्रम के तहत धोखाधड़ी वाले आवेदनों के कई मामलों के मद्देनजर लिया गया है।एक अधिकारी ने इस संबंध में बताया कि महाराष्ट्र सरकार ने अब किसानों को काली सूची में डालने का भी निर्णय लिया है, यदि वे फसल बीमा का अनुचित लाभ पाने के लिए फर्जी दावे प्रस्तुत करते पाए गए। यह एक निवारक उपाय है, ताकि किसान इस तरह की गड़बड़ियों में लिप्त न होंवहीं, सरकारी नीति की मानें तो किसान अधिक या कम वर्षा, कीट संक्रमण या प्राकृतिक घटनाओं के कारण बुवाई में चुनौतियों जैसे कारणों से होने वाले नुकसान के लिए बीमा दावा दायर कर सकते हैं। अधिकारी ने बताया कि एक बार ब्लैकलिस्ट में शामिल होने के बाद कोई भी किसान कम से कम कुछ सालों कर फसल बीमा का दावा नहीं कर सकेंगे। बताया जा रहा है कि केवल किसानों के खिलाफ नहीं, बल्कि महाराष्ट्र में राज्य भर के कई कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार, इन सीएससी ने 2024 खरीफ सीजन के लिए कथित तौर पर करीब 4,400 फर्जी फसल बीमा आवेदन दाखिल किया था। एक अधिकारी ने बताया कि बीड, नांदेड़, परभणी, पुणे, लातूर और जालना जैसे जिलों में कई एफआईआर दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले, बिचौलियों और सीएससी संचालकों पर ध्यान केंद्रित किया गया था। अब, झूठे दावे प्रस्तुत करने वाले किसानों को भी काली सूची में डालने सहित परिणाम भुगतने होंगे।

# उज्जैन के पाणिनी संस्कृत विश्वविद्यालय हिंदी में भी होगी वैदिक ज्ञान की पढ़ाई, संस्कृत ज्ञान को आमजन तक पहुंचाने की पहल



**उज्जैन, 07 जुलाई [एजेंसी]।**

वैदिक परंपरा के गहन ज्ञान को आमजन तक पहुंचाने की दिशा में उज्जैन के महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय ने बड़ा कदम उठाया है।शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से विश्वविद्यालय अब बीए ज्योतिर्विज्ञान, बीए वास्तुशास्त्र और एमए भारतीय ज्ञान प्रणाली जैसे विशेष पाठ्यक्रमों को संस्कृत के साथ हिंदी माध्यम से भी पढ़ाएगा। यह निर्णय उन विद्यार्थियों को बड़ी राहत देगा, जो शास्त्रीय विषयों में रुचि रखते हैं, पर संस्कृत भाषा के कारण इनके अध्ययन से पीछे हट जाते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि हिंदी माध्यम को विकल्प बनाकर वह समाज के उस बड़े वर्ग को पारंपरिक ज्ञान से जोड़ पाएगा, जो अब तक इससे वंचित है। इससे न सिर्फ छात्र संख्या बढ़ेगी, बल्कि संस्कृत की ओर एक स्वाभाविक झुकाव भी विकसित होगा।बता दें कि इस समय विश्वविद्यालय में कुल 14 स्नातक, 15 स्नातकोत्तर, 23 डिप्लोमा और 11 सर्टिफिकेट कोर्स संचालित हो रहे हैं।975 से अधिक छात्र वर्तमान में अध्ययनरत हैं। नए शैक्षणिक सत्र के लिए घोषित 440 सीटों पर प्रवेश के लिए 526 आवेदन अब तक मिल चुके हैं। हाल ही में विश्वविद्यालय को नेक की ए ग्रेड मिली है, जो इसकी शिक्षा की गुणवत्ता को मान्यता देती है। हालांकि, प्रोफेसर पदों की कमी, छात्रावास और आवास जैसे बुनियादी ढांचे की आवश्यकता अब भी बड़े विषय हैं, जिनके लिए 180 करोड़ की डीपीआर शासन को भेजी जा चुकी है। पाठ्यक्रमों में भाषा का माध्यम हिंदी होगा, लेकिन शिक्षण सामग्री वही पारंपरिक ग्रंथ होंगे। वास्तुशास्त्र में मयमतम्, समरांगण सूत्रधार, वास्तुमण्डनम् जैसे ग्रंथ पढ़ाए जाएंगे, वहीं ज्योतिष में जातकपारिजातः, बृहत्पराशर होराशास्त्रम् प्रमुख होंगे। इससे विषय की गहराई बरकरार रहेगी, साथ ही छात्रों को संस्कृत का भी व्यावहारिक ज्ञान मिलेगा। महर्षि पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद में इसी वर्ष मार्च में विश्वविद्यालय के आधिकारिक दस्तावेजों पर इंडिया की जगह भारत शब्द लिखने का निर्णय किया गया था। प्रो. सीजी विजय कुमार मेनन, कुलगुरु ने कहा, हमारा प्रयास पारंपरिक वैदिक ज्ञान को अधिक सुलभ बनाना है।

## राजस्थान में दो सड़क हादसों में 6 लोगों की मौत, कोटा और जयपुर में हुआ दर्दनाक हादसा

**जयपुर।** राजस्थान में शनिवार रात दो सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। कोटा-शिवपुरी राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर बारां जिले में कार से पिकअप वाहन की टक्कर हो गई।इस घटना में जिसमें लखनऊ निवासी नमन कुमार चतुर्वेदी व जया शर्मा, गोरखपुर निवासी अंशिका मिश्रा और दिल्ली निवासी राहुल प्रकाश की मौत हो गई। उधर, जयपुर में आगरा से आ रहे बेकाबू ट्रक ने सड़क किनारे खड़े लोगों को रौंद दिया, जिसमें आगरा के किरावली निवासी विष्णु कुमार और राजन सिंह की मौत हो गई। दोनों पंक्चर टायर की मरम्मत के लिए रुके थे। पुलिस के अनुसार विष्णु कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल राजन सिंह को आरबीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

# पीठ के दर्द को कम करने के लिए आजमाएं ये 5 तरीके, जल्द मिलेगा आराम

पीठ में दर्द एक आम समस्या है, जो किसी भी उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकती है। यह दर्द कई कारणों से हो सकता है, जैसे कि गलत तरीके से उठना-बैठना, भारी सामान उठाना या लंबे समय तक एक ही स्थिति में रहना। हालांकि, कुछ सरल और असरदार उपायों को अपनाकर आप इस समस्या से निजात पा सकते हैं। आइए कुछ ऐसे ही आसान और असरदार उपाय जानते हैं, जिनसे पीठ के दर्द से राहत मिल सकती है।

रोजाना करें स्ट्रेचिंग

रोजाना स्ट्रेचिंग अभ्यास करना पीठ के दर्द को कम करने का एक बेहतरीन तरीका है। सुबह-सुबह या शाम को थोड़ा समय निकालकर हल्का स्ट्रेचिंग करें। इससे न केवल मांसपेशियों में लचीलापन आता है, बल्कि रक्त का प्रवाह भी बढ़ता है, जिससे दर्द में राहत मिलती है। आप अपनी पीठ के निचले हिस्से और कंधों का स्ट्रेचिंग कर सकते हैं। इसके अलावा आप योग के कुछ आसन भी कर सकते हैं, जो पीठ के लिए फायदेमंद होते हैं।

सही तरीके से बैठें

काम करते समय सही तरीके से बैठना बहुत जरूरी है। कुर्सी पर बैठते समय पीठ सीधी रखें और कंधों को पीछे की ओर खींचें। पैरों को जमीन पर सपाट रखें और घुटनों को 90 डिग्री के कोण पर



मोड़ें। अगर आपकी कुर्सी असहज है तो गद्देदार कुर्सी का उपयोग करें या कुशन लगाएं ताकि आपकी पीठ को सही सहारा मिल सके। इसके अलावा लंबे समय तक एक ही स्थिति में न बैठें, बीच-बीच में थोड़ा टहलें।

भारी सामान उठाने से बचें


भारी सामान उठाते समय ध्यान रखना चाहिए कि आपका वजन संतुलित हो और सामान को दोनों हाथों से समान रूप से उठाएं। अगर संभव हो तो हाथों में सामान उठाने की बजाय ट्रॉली या कैरियर का उपयोग करें। इसके अलावा भारी चीजों को खींचने या धकेलने की बजाय उन्हें उठाने की कोशिश करें। इससे आपकी पीठ पर अधिक दबाव नहीं पड़ेगा और दर्द की संभावना कम होगी। हमेशा अपनी क्षमतानुसार ही वजन उठाएं और जरूरत पड़ने पर मदद लें।

आरामदायक बिस्तर पर सोएं

अगर आप किसी असुविधाजनक बिस्तर पर सोते हैं तो यह आपकी पीठ के लिए हानिकारक हो सकता है। इसलिए एक अच्छा और आरामदायक बिस्तर चुनें जो आपकी रीढ़ को सही समर्थन दे सके। इसके अलावा तकिया भी सही होना चाहिए ताकि गर्दन और सिर को भी आराम मिले। अगर गद्दा बहुत सख्त या बहुत नरम हो तो उसे बदल दें और अपने सोने की स्थिति पर भी ध्यान दें ताकि आपकी पीठ को सही आराम मिल सके।

डॉक्टर से करें संपर्क

अगर घरेलू उपायों से कोई फर्क नहीं पड़ रहा हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। डॉक्टर आपकी समस्या का सही निदान करेंगे और आवश्यक जांच करने के बाद उचित उपचार बता सकेंगे। इसके अलावा डॉक्टर द्वारा बताए गए एक्सरसाइज और दवाओं का सेवन भी करें ताकि जल्द ही ठीक हो सकें। ध्यान रखें कि समय रहते इलाज कराने से गंभीर समस्याओं से बचा जा सकता है और जल्दी राहत मिलती है।



## ट्रोलर्स पर भड़कीं उर्फी जावेद, बोलीं नफरत नहीं रोक पाएगी

करण जौहर का शो द ट्रेटर्स जीतने के बाद, उर्फी जावेद ट्रोलर्स के निशाने पर हैं. उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के ज़रिए बताया है कि कैसे उन्हें कुछ लोगों से धमकियां और अपमानजनक मैसेज मिल रहे हैं. उर्फी ने इंस्टाग्राम पर ट्रोलर्स के मैसेज के स्क्रीनशॉट्स पोस्ट करते हुए लिखा, जब आपको कोई लड़की पसंद नहीं आती, तो बस आप उसके लिए आर शब्द छोड़ देते हैं. ऐसा पहली बार नहीं हो रहा जब मुझे इस तरह से धमकियां या गाली मिल रही है, लेकिन इस बार यह मेरे कपड़ों की वजह से नहीं बल्कि मेरे शो जीतने की वजह से हो रहा है. जब आपका मनपसंद खिलाड़ी नहीं जीतता, तो आप गाली देने लगते हो. ये मेरे अपलोड किए गए अच्छे वीडियो हैं, मैं चाहे कुछ भी कर लूं, लोगों को बस नफरत फैलाना और गाली देना पसंद है. अगर हर्ष को शो से न निकालती तो प्यार में अंधी, हर्ष को निकाल दिया तो धोखेबाज. पूरब को जीतने देती तो बेवकूफ, जीतने नहीं दिया तो धोखेबाज. नफरत ने मुझे पहले कभी नहीं रोका और न अब रोक पाएगी. उर्फी जावेद को उनके बोल्ड और रिवीलिंग आउटफिट्स को लेकर हमेशा ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है. हालांकि, वह खुलकर कहती हैं कि उन्हें ट्रोलर्स से बिल्कुल फर्क नहीं पड़ता है. बता दें, उर्फी जावेद और निकिता लूथर ने करण जौहर द्वारा होस्ट किए गए शो द ट्रेटर्स के पहले सीजन में विजेता का खिताब जीता. दोनों को प्राइज मनी के तौर पर 70.05 लाख रुपए मिले. फिनाले में उर्फी, निकिता, हर्ष और सुधांशु क्वालीफायर थे. सुधांशु के बाहर होने के बाद, निकिता और उर्फी ने हर्ष और पूरब के खिलाफ वोट देकर बाहर कर दिया.

द ट्रेटर्स में कई जाने-माने लोगों ने हिस्सा लिया था. इनमें अंशुला कपूर, अपूर्वा मखीजा, आशीष विद्यार्थी, एलनाज नौरोजी, हर्ष गुजराल, जन्नत जुबैर, जान्हवी गौर, जैस्मिन भसीन, करण कुंद्रा, लक्ष्मी मांचू, महीप कपूर, मुकेश छाबड़ा, पूरब झा, रफ्तार, साहिल सलाथिया, सुधांशु पांडे, सूफी मोतीवाला और उर्फी जावेद थे.इस शो में कई कंटेस्टेंट इनोसेंट थे, जिन्हें ट्रेटर्स की पहचान करनी थी. यह शो प्राइम वीडियो पर 12 जून को रिलीज हुआ था, जिसका निर्माण बीबीसी स्टूडियोज इंडिया प्रोडक्शंस और ऑल 3 मीडिया इंटरनेशनल ने संयुक्त रूप से मिलकर किया. शो आईडीटीवी के बाफ्टा और एमी पुरस्कार विजेता फॉर्मेट का भारतीय रूपांतरण है.

# त्वचा पर दाग-धब्बे हैं? इन 5 घरेलू नुस्खों से मिलेगी राहत

दाग-धब्बे त्वचा की सुंदरता को कम कर सकते हैं और कई बार ये चिंता का कारण भी बन जाते हैं। ये दाग-धब्बे सूरज की किरणों के संपर्क में आने, मुंहासे या चोट के बाद रह जाते हैं। आज हम आपको कुछ असरदार घरेलू नुस्खों के बारे में बताएंगे, जो इन दाग-धब्बों को कम करने में मदद कर सकते हैं। इन नुस्खों को अपनाकर आप अपनी त्वचा को साफ और चमकदार बना सकते हैं।



एलोवेरा जेल

एलोवेरा जेल त्वचा को ठंडक पहुंचाने के साथ-साथ उसे नमी भी देता है। इसमें सूजन कम करने वाले गुण होते हैं, जो दाग-धब्बों को कम करने में सहायक होते हैं। लाभ के लिए ताजे एलोवेरा पत्ते से जेल निकालकर प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं और रातभर छोड़ दें, फिर सुबह धो लें। नियमित उपयोग से त्वचा मुलायम और चमकदार बनती है, जिससे दाग-धब्बे धीरे-धीरे हल्के हो जाते हैं और आपकी त्वचा की रंगत भी सुधरती है।

शहद और नींबू का मिश्रण

शहद और नींबू का मिश्रण एक बेहतरीन घरेलू नुस्खा है, जो त्वचा की नमी बनाए रखते हुए दाग-धब्बों को हल्का करता है। शहद में मॉइस्चराइजिंग गुण होते हैं, जबकि नींबू में ब्लीचिंग गुण होते हैं। लाभ के लिए एक चम्मच शहद में आधी चम्मच नींबू मिलाकर इसे प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं और 15-20 मिनट बाद धो लें। यह मिश्रण त्वचा को नमी देता है और दाग-धब्बों को धीरे-धीरे कम करता है।

दही मास्क

दही मास्क में लैक्टिक एसिड होता है, जो त्वचा को साफ करने में मदद करता है और दाग-धब्बों को हल्का करता है। लाभ के लिए एक चम्मच दही में थोड़ा-सा नींबू मिलाकर इसे चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट बाद धो लें। यह मास्क त्वचा को नमी देता है और उसे मुलायम बनाता है। नियमित उपयोग से आपकी त्वचा की रंगत सुधरती है।

आलू का रस

आलू का रस प्राकृतिक ब्लीच की तरह काम करता है, जो त्वचा की रंगत को सुधारता है और दाग-धब्बों को हल्का करता है। लाभ के लिए कच्चे आलू को कद्दूकस करके उसका रस निकाल लें और प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं, फिर 20 मिनट बाद धो लें। नियमित उपयोग से आपकी त्वचा की रंगत निखरती है और दाग-धब्बे भी कम होते हैं। यह उपाय त्वचा को मुलायम और चमकदार बनाता है।

बेसन और दूध का पैक

बेसन और दूध का पैक त्वचा की गहराई से सफाई करता है और मृत कोशिकाओं को हटाता है, जिससे दाग-धब्बे हल्के होते हैं। लाभ के लिए दो चम्मच बेसन में थोड़ा-सा दूध मिलाकर पेस्ट तैयार करें, फिर इसे चेहरे पर लगाएं और सूखने पर धो लें। इन घरेलू नुस्खों का नियमित उपयोग करके आप अपनी त्वचा को साफ-सुथरी और चमकदार बना सकते हैं, जिससे दाग-धब्बे भी कम होते हैं।

## आमिर खान की साउथ सिनेमा में धमाकेदार एंट्री, फर्स्ट लुक से मची सनसनी, रजनीकांत की फिल्म कूली में उड़ाएंगे गर्दा



सितारे जमीन पर के बाद, आमिर खान रजनीकांत की मोस्ट अवेटेड फिल्म कूली में कैमियो करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. बॉलीवुड सुपरस्टार अपनी तमिल डेब्यू फिल्म में दाहा का किरदार निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. मेकर्स ने फिल्म से उनका पहला लुक रिलीज कर दिया है और इंटरनेट पर लोग इसे देखकर हैरान रह गए.

आमिर खान का ब्लैक बनियान पहने, स्टाइलिश स्वैग से सिगार पीते हुए, धांसू लुक इंटरनेट पर छाया हुआ है. यह किरदार उनके हाल के वर्षों में उनके द्वारा निभाई गई भूमिकाओं से बिल्कुल अलग लुक है. एक्स पर पोस्ट की गई एक मोनोक्रोम तस्वीर में उनका साइड प्रोफाइल लुक जिसमें वे चश्मा पहने हुए हैं, शेयर किया गया है. इसके साथ मेकर्स ने कैप्शन लिखा, कूली की दुनिया से आमिर खान को दाहा के रूप में पेश करते हुए कूली 14 अगस्त से दुनिया भर के आईमैक्स स्क्रीन पर छाने के लिए तैयार है.

कूली से सामने आए आमिर के इस लुक ने इंटरनेट पर सनसनी मचा दी है. दर्शकों को आमिर का यह लुक खूब पसंद आ रहा है. एक यूजर ने कमेंट किया, आमिर का यह मास अवतार वाकई कमाल का है. एक ने लिखा, क्या स्वैग है. एक ने कमेंट किया, क्या एटीट्यूड और स्वैग है, दाहा के लिए एकदम परफेक्ट. एक ने कमेंट किया, यह फिल्म एकदम ब्लॉकबस्टर होने वाली है.

## कृष 4 में 3 अलग-अलग भूमिका निभा रहे ऋतिक रोशन, सामने आई ये बड़ी जानकारी

जब से ऋतिक रोशन ने अपनी ब्लॉकबस्टर फ्रैंचाइजी कृष की चौथी किस्त की घोषणा की है, प्रशंसकों का उत्साह चरम पर है। खास बात यह है कि कृष 4 के निर्देशन की कमान ऋतिक खुद संभाल रहे हैं। इस फिल्म के जरिए वह मनोरंजन जगत में बतौर निर्देशक कदम रखने जा रहे हैं। ऋतिक फिल्म में अभिनय भी करेंगे। अब ताजा खबर यह है कि कृष 4 में ऋतिक का डबल नहीं, बल्कि ट्रिपल रोल होने वाला है। रिपोर्ट्स के अनुसार, कृष 4 में ऋतिक तीन अलग-अलग किरदारों के जरिए अपनी उम्दा अदाकारी का दमखम दिखाते नजर आएंगे। एक सूत्र ने कहा, योजना यह है कि कृष को एक बड़े खतरे को खत्म करने के लिए अलग-अलग समय सीमाओं, अतीत और भविष्य में लाया जाएगा। वीएफएक्स और प्रोडक्शन होने के बावजूद फिल्म पारिवारिक भावनाओं और रिश्तों पर आधारित रहेगी। कृष 4 के लिए प्री-प्रोडक्शन का काम इन दिनों यशराज फिल्म्स स्टूडियो (वाईआरएफ) में चल रहा है। कृष 4 की शूटिंग 2026 में शुरू हो जाएगी। फिलहाल फिल्म की कहानी पर काम किया जा रहा है। राकेश रोशन और संजय मासूम मिलकर फिल्म की स्क्रिप्ट लिख रहे हैं, वहीं आदित्य चोपड़ा फिल्म के निर्माता हैं। ऋतिक में कृष 4 के अलावा प्रियंका चोपड़ा और प्रीति जिंटा अहम भूमिका निभा सकती हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो कृष 4 में अहम भूमिका निभाने के लिए निर्माताओं ने अभिनेत्री नोरा फतेही से भी संपर्क किया है। कृष फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म थी कोई मिल गया जो 2003 में आई थी। इसने बॉलीवुड को एक नया सुपरहीरो दिया था। इसके बाद साल 2006 में कृष और 2013 में कृष 3 रिलीज हुईं। कृष में प्रियंका चोपड़ा, रेखा और नसीरुद्दीन शाह जैसे दिग्गज कलाकार नजर आए थे, वहीं कृष 3 में कंगना रनौत, विवेक ओबेरॉय और राजपाल यादव जैसे कलाकार नजर आए थे। इस सीरीज की पिछली तीनों फिल्मों को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है।






## रेड ड्रेस में सारा अली खान ने बढ़ाया सोशल मीडिया का तापमान, एप्पल खाते हुए शेयर की स्टनिंग तस्वीरें

सारा अली खान एक बार फिर अपने शानदार और बोल्ड लुक को लेकर चर्चा में हैं. एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ बेहद ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें वह रेड ड्रेस में एप्पल खाते हुए नजर आ रही हैं. उनके इस बोल्ड और एलीगेंट अंदाज़ ने सोशल मीडिया पर फैंस का दिल जीत लिया है.सारा ने कैप्शन में लिखा, अपना फल खाओ और क्रूर मत बनो , जो उनके चंचल और विचित्र अंदाज़ को भी दर्शाता है. इन तस्वीरों में वह रेड स्लीवलेस ड्रेस और मैचिंग हाई हील्स में कमाल की लग रही हैं. मिरर लाइट्स के सामने बैठे हुए उनका कॉन्फिडेंट पोज और डार्क वेवी हेयरस्टाइल उनके लुक को और भी स्टनिंग बना रहा है.

पोस्ट के कुछ ही मिनटों में हजारों लाइक्स और कमेंट्स आने लगे. फैंस उन्हें 'क्यूटी इन रेड', 'गॉर्जियस दिवा', और 'रेड हॉट सेंसेशन' जैसे नामों से नवाज़ रहे हैं. एक यूज़र ने तो सारा की पहली फिल्म केदारनाथ को याद करते हुए कमेंट किया, केदारनाथ फिल्म देख कर आज मूड ऑफ है , यह दिखाता है कि सारा का चार्म आज भी दर्शकों पर बरकरार है.

सारा अली खान का यह नया लुक उनके फैंस के लिए एक फैशन इंस्पिरेशन बन चुका है. अक्सर ट्रेडिशनल और वेस्टर्न आउटफिट्स में दिखाई देने वाली सारा इस बार भी अपने क्लासी और कूल कॉम्बिनेशन से सबको इंप्रेस करने में सफल रही हैं. खना दिलचस्प होगा कि सारा का ये फैशन स्टेटमेंट अगली बार कौन-सा नया ट्रेंड सेट करता है.

## शब्द सामर्थ्य -101


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिढ़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 100 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | | स्वा | द | | स | ब | ब |
| जा | | सु | हा | ना | | | ली | द |
| ब | हु | धा | | द | ल | ना | | ल |
| | | क | मा | न | | ग | ह | ना |
| भं | व | र | | | | वा | म | |
| गी | त | | म | ज | बू | र | | ट |
| | न | म | स्का | र | | | | र |
| | | र्या | | | बी | | ना | का |
| सं | वि | दा | | ब | स | च | ल | ना |

## विक्रांत मैसी की फिल्म आंखों की गुस्ताखियां का गाना अलविदा जारी

काफी समय से विक्रांत मैसी फिल्म आंखों की गुस्ताखियां को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। उनकी इस फिल्म की राह दर्शक बड़ी बेसब्री से देख रहे हैं। इस फिल्म को लेकर दर्शक इसलिए भी उत्साहित हैं, क्योंकि ये संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर की पहली फिल्म है। इसके जरिए वह बॉलीवुड में कदम रख रही हैं। अब निर्माताओं ने आंखों की गुस्ताखियां का नया गाना अलविदा जारी कर दिया है, जिसे विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है।

अलविदा गाने में विकांत और शनाया की खूबसूरत केमिस्ट्री दिख रही है। इस गाने के बोल भी विशाल मिश्रा ने ही लिखे हैं। आंखों की गुस्ताखियां भारत के मशहूर लेखक रस्किन बॉन्ड की लोकप्रिय लघु कहानी, द आइज हैव इट पर आधारित है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान संतोष सिंह ने संभाली है, वहीं मानसी बागला और वरुण बागला फिल्म के निर्माता हैं। आंखों की गुस्ताखियां को 11 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जएगा।

# सलका हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में जलभराव की समस्या बनी विकराल
# छात्रों को भारी परेशानियों का सामना-समाधान का इंतजार अब भी जारी

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले के अंतर्गत आने वाला सलका हायर सेकेंडरी स्कूल एक लंबे समय से जलभराव की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। बरसात का मौसम शुरू होते ही स्कूल परिसर तालाब का रूप ले लेता है, जिससे छात्र-छात्राओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। प्रवेश द्वार के चारों ओर पानी ही पानी फैला होता है। यह समस्या कोई नई नहीं है — यह वर्षों से चली आ रही है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है।

जलभराव के कारण बच्चों की पढ़ाई पर गहरा असर पड़ता है। कई बार छात्र स्कूल आने से कतराते हैं, क्योंकि परिसर कीचड़ और पानी से भर जाता है। खासकर छात्राएं इस स्थिति में काफी असहज महसूस करती हैं। विद्यालय में खेलकूद और अन्य शैक्षणिक गतिविधियां भी बुरी तरह प्रभावित होती हैं। कई बार शिक्षक भी समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाते, जिससे शिक्षण व्यवस्था चरमरा जाती है। गौरतलब है कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र के सांसद ने पिछले वर्ष सलका हायर सेकेंडरी स्कूल के परिसर मे बाउंड्री वॉल और जलनिकासी की व्यवस्था को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया था। उन्होंने मंच से सार्वजनिक रूप से यह घोषणा की थी कि जल्द ही इस दिशा में ठोस निर्णय लिया जाएगा बावजूद इसके आज तक इस समस्या को दूर करने में किसी ने ध्यान नहीं दिया।



हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर के आसपास अवैध कब्जे के कारण भी पानी निकासी संभव नहीं है। परिसर के आसपास अवैध कब्जा कर सरकारी जमीन तथा सड़क की जमीन पर दुकान बन जाने के कारण पानी निकासी संभव नहीं हो सकता है परिसर के आसपास अतिक्रमण हटाना अति आवश्यक है अन्यथा हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर बरसात के दिनों में समस्या बनी रहेगी। परिसर के आसपास के अवैध अतिक्रमण के संबंध में तहसीलदार बैकुंठपुर का पक्ष रखने के लिए उनसे फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन तहसीलदार बैकुंठपुर के द्वारा फोन रिसीव नहीं करने से उनका पक्ष नहीं रखा जा सका।

## छत्तीसगढ़ के प्रगतिशील किसान, खुद बना रहे जैविक खाद

**रायपुर।** बस्तर संभाग में दंतेवाड़ा जिले के कसौली के किसान सुरेश कुमार नाग ने जिले में पहली बार जैविक खेती करने का हौसला दिखाया और खेती में लगातार कई नवाचार किए। सुरेश सामान्य तरीके के बजाय मेडागास्कर पद्धति से धान की खेती कर रहे हैं।



इससे फसल की लागत को कम करने में सफलता मिली है। साथ ही खेत में रोटा, शनई, डेन्चा जैसी दलहनी फसलें उगाकर उनका उपयोग हरी खाद के रूप में कर रहे हैं। इससे मिट्?टी की उर्वरा शक्ति और जल धारण क्षमता में काफी वृद्धि हुई है। सुरेश कुमार ने बताया, मैंने जैविक खेती की ओर कदम बढ़ाया तो कई चुनौतियां सामने आईं। पारंपरिक तरीके से खेती करने में एक हेक्टेयर रकबे में ही धान के 30 से 50 किलो बीज की खपत हो रही थी। इस पर मैंने मेडागास्कर व कतार पद्धति अपनाई।

## विधायक प्रतिनिधि को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**रामानुजगंज।** रामानुजगंज संगठन के प्रति समर्पण एवं धैर्य के कारण युवा नेता को जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के विधायक प्रतिनिधि की बड़ी जवाबदारी मिली। युवा नेता अनोज यादव को 94 ग्राम पंचायत के जनपद, रामचंद्रपुर जनपद पंचायत विधायक प्रतिनिधि बनाया जाना युवा नेताओ को आगे करने की कवायद मानी जा रही है। ग्रामीण परिदृश्य के युवा को बड़ी जवाबदारी मिलने से क्षेत्र के युवा नेताओं में हर्ष व्याप्त है सभी ने राम विचार नेताम का आभार माना। रामचंद्रपुर विकासखंड के ग्राम परहियाडीह के अनोज यादव ने अपनी राजनीति की शुरुआत 2010 से भाजपा के एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में करते हुए बूथ स्तर में विभिन्न जिम्मेवारी को संभाला एवं उत्कृष्ट कार्य किया जिस कारण 6 वर्ष के बाद भाजपा युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री के रूप में दायित्व मिला भाजपा युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री के रूप में संगठन के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का प्रतिफल आगे मिला एवं युवा मोर्चा का मंडल अध्यक्ष बनाया गया वहीं गांव के उप सरपंच भी बने। वर्तमान में भाजपा मंडल महावीरगंज के महामंत्री का दायित्व संभाल रहे। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार के दौरान अनोज यादव के द्वारा समय-समय पर संगठन के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के अनुसार दमदारी के साथ कार्य किया। अनोज को रामचंद्रपुर जनपद के लिए राम विचार नेताम के द्वारा अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया। अपनी नियुक्ति के बाद उन्होंने राम विचार नेताम का आभार मानते हुए कहा कि मेरे जैसे साधारण कार्यकर्ता को बड़ी जवाबदारी श्री नेताम के द्वारा दी गई है। जीस आशा एवं विश्वास के साथ उन्होंने जिम्मेदारी दी है उस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ पूरा करूंगा। मेरा सौभाग्य है कि जनपद पंचायत के 94 ग्राम पंचायत के विकास का में साक्षी बनुगा। जिले के सबसे बड़े जनपद पंचायत में विधायक प्रतिनिधि की रूप में कार्य करना मेरे लिए सौभाग्य है।

## छत्तीसगढ़ में जमीन खरीद-बिक्री की प्रक्रिया अब डिजिटल और पारदर्शी आम नागरिक होंगे अधिक जागरूक

**रायपुर।** रायपुर से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां छत्तीसगढ़ सरकार ने जमीन से जुड़ी लेन-देन प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने के लिए एक नई तकनीकी व्यवस्था लागू की है। इसके तहत अब आम लोगों को जमीन से जुड़ी जानकारी के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और न ही किसी बिचौलिए की मदद लेनी होगी। इस सुविधा को पंजीयन विभाग की वेबसाइट और 'सुगम' मोबाइल ऐप के माध्यम से उपलब्ध कराया गया है। नया सिस्टम बेहद सरल है: नागरिक वेबसाइट या ऐप पर जाकर अपने जिले, तहसील और गांव की जानकारी भरते हैं, संबंधित जमीन का खसरा नंबर दर्ज करते हैं और गूगल मैप के जरिए उसकी लोकेशन चुनते हैं। इसके बाद गाइडलाइन रेट, स्टांप ड्यूटी, पंजीयन शुल्क और अन्य विवरण कुछ ही सेकंड में स्क्रीन पर दिखाई देने लगते हैं। महानिरीक्षक पंजीयन विभाग, पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि इस बार गाइडलाइन दरों को तय करने के लिए डिजिटल टूल्स और नई तकनीकों का उपयोग किया गया है, जिससे ये दरें बाजार मूल्य के अधिक समीप होंगी। विभाग ने गाइडलाइन दरों में 1.5 से 2 गुना तक बढ़ोतरी का प्रस्ताव तैयार किया है, जिसे जल्द ही शासन को सौंपा जाएगा और कैबिनेट की मंजूरी के बाद पूरे राज्य में लागू किया जाएगा। इस नई प्रणाली से कई लाभ सामने आएंगे—जमीन से जुड़ी जानकारी अब पूरी तरह पारदर्शी होगी, फर्जीवाड़े की संभावनाएं घटेंगी, और 2017 से लागू पुरानी दरों की जगह अब नई, अधिक उपयुक्त दरें लागू होंगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आम नागरिक अब खुद ही अपनी जमीन की जानकारी देख सकेंगे, जिससे वे अधिक जागरूक और सशक्त बनेंगे। सरकार का यह डिजिटल कदम न केवल जमीन खरीद-बिक्री की प्रक्रिया को तेज और सुरक्षित बनाएगा, बल्कि छत्तीसगढ़ में सुशासन और नागरिक सशक्तिकरण की दिशा में भी एक अहम पहल साबित होगा।

## टेम्पो ट्रैक्स पेड़ से टकराया, 3 महिलाओं की मौत



**शहडोल।** शहडोल के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह 4.40 बजे टेम्पो ट्रैक्स जोरा गांव के पास पेड़ से टकरा गया। हादसे में तीन महिलाओं की मौके पर मौत हो गई। वहीं 15 महिलाएं और बच्चे घायल हैं।

जानकारी के मुताबिक टेम्पो ट्रैक्स (तूफान) में कुल 20 लोग सवार थे। ड्राइवर के अलावा सभी महिलाएं और बच्चे थे। ये लोग अयोध्या से दर्शन कर लौट रहे छत्तीसगढ़ लौट रहे थे।

थाना प्रभारी अरुण पांडे ने बताया कि हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को पहले ब्यौहारी अस्पताल ले जाया गया। वहां से गंभीर घायलों को मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किया गया है। मृतकों की पहचान गायत्री कवर (55), मालती पटेल (50) और इंदिरा बाई के रूप में हुई है।

स्थानीय लोगों की सूचना पर

## आवारा कुत्ते के काटने से मासूम घायल, अस्पताल में उपचार जारी

**रामानुजगंज।** रामानुजगंज नगर के वार्ड क्रमांक 6 रिंग रोड निवासी करण राम की बेटी रागिनी कुमारी उम्र 7 वर्ष अपने घर के बाहर खेल रही थी।

इसी दौरान आवारा कुत्ते के द्वारा गाल में काट लिया गया जिससे रागिनी बुरी तरीका से लहूलुहान हो गई तत्काल 100 बिस्तर अस्पताल ले जाया गया जहां कई टाके गाल में लगे इसके बाद इलाज के लिए जिला अस्पताल बलरामपुर रेफर कर दिया गया जहां इंजेक्शन लगा। रागिनी अभी सिर्फ लिक्विड ले पा रही है। नगर में आवारा कुत्तों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है आए दिन कुत्ता काटने से लोग घायल हो रहे हैं कुत्तों की संख्या में तेजी से इजाफा होना पूरे नगरवासियों के लिए खतरनाक धीरे-धीरे साबित हो रहा है। शुक्रवार को रागनी अपने घर के सामने स्कूल में पढ़ने के बाद घर के बाहर खेल रही थी इस दौरान शाम 5 बजे के करीब अचानक से एक आवारा कुत्ता आया एवं मासूम के गाल में बुरी तरीका से काट दिया जिससे काफी वह लहू लुहान हो गई कुत्ता के द्वारा इतना विभत्स रूप से काटा था कि देखने वाले सभी विचलित हो जा रहे थे। किसी प्रकार खून से लथपथ रागनी को 100 बिस्तर अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक इलाज कर बलरामपुर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। आवारा कुत्तों से हो रहे खतरे एवं होने वाले खतरे को लेकर आगाह रहने की आवश्यकता है। खासकर छोटे बच्चों को अकेले सुनसान स्थान पर घूमने एवं छोटे बच्चों को अभिभावक के नजरों में ही खेलने की विशेष आवश्यकता है जिस प्रकार से नगर में कुत्तों की संख्या बढ़ रही है एवं वे आक्रामक हो रहे हैं यह पूरे नगर के लिए चिंता का विषय है।

**मासूम के काटने के बाद अभी भी आवारा घूम रहा है कुत्ता......** रागिनी अपने घर के बाहर बिल्कुल सुरक्षित रूप से खेल रही थी रागिनी का घर रोड से अंदर में है अगल-बगल घर है जिससे उसका खेलना वहां पूर्णत सुरक्षित था। परंतु उसके बाद भी घुसकर कुत्ता रागिनी के गाल में काट दिया उस दौरान बारिश हो रही थी काटने के बाद कुत्ता अभी भी घूम रहा है।

## नकदी सहित हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर।** ग्राम रायता स्थित च्वाईस सेंटर का शटर तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 85500 रुपए और मोबाइल फोन पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विद्याभूषण वर्मा 34 वर्ष ग्राम रायता सिलयारी का रहने वाला है। प्रार्थी च्वाईस सेंटर चलाता है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान का शटर तोड़कर नकदी 85500 रुपए और मोबाइल फोन पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 94500 रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** उरला पुलिस ने पारधीपारा में दबिश देकर टीवीएस जूपिटर में अवैध शराब परिवहन करते युवक को गिरफ्तार किया है। उरला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पारधीपारा में दबिश देकर टीवीएस जूपिटर वाहन में 100 पाव देशी शराब परिवहन करते आरोपी मनोज कुमार साहू 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## एनएच पर पुलिया की रेलिंग तोडक़र गागर नदी में गिरा मिनी ट्रक, किराना सामान था लोड



**राजपुर।** अंबिकापुर-रामानुजगंज नेशनल हाइवे क्रमांक 343 पर रविवार की सुबह एक मिनी ट्रक पुलिया की रेलिंग तोड़ते हुए गागर नदी में जा गिरा। हादसे में चालक व उसमें सवार अन्य लोग बाल-बाल बच गए। सूचना मिलते ही राजपुर पुलिस मौके पर पहुंची और सवार लोगों का हाल-चाल जाना। नदी में मिनी ट्रक गिर जाने से उसमें लोड लाखों रुपए के किराना सामान का नुकसान हो गया। वाहन को निकालने की कवायद जारी है। आयशर मिनी ट्रक क्रमांक सीजी 15 सीके-4099 अंबिकापुर की ओर से किराना सामान लोड कर बलरामपुर जिले के कुसमी जा रहा था। इस दौरान तेज बारिश हो रही थी। सुबह करीब 7 बजे बस अंबिकापुर-रामानुजगंज नेशनल हाइवे पर राजपुर से पहले गागर नदी पुलिया को पार करते समय अचानक पलट गया। बताया जा रहा है कि भारी बारिश व सडक़ पर बने गड्ढों के कारण मिनी ट्रक अनियंत्रित हो गया और पुलिया की रेलिंग तोड़ते हुए उफनती नदी में गिर गया। इससे लाखों रुपए का किराना सामान नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

भारी बारिश की वजह से अंबिकापुर-रामानुजगंज एनएच की हालत खस्ताहाल हो गई है। इस मार्ग पर जगह-जगह इतने गड्ढे हो गए हैं कि सडक़ खोजना पड़ रहा है। गड्ढों में बारिश का पानी भरा होने की वजह से गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है, ऐसे में कई बार छोटे चारपहिया व दोपहिया वाहन चालक हादसे का शिकार हो जाते हैं। खराब सडक़ की वजह से कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।

## ब्लैकमेलिंग और अवैध वसूली के आरोपियों पर कानून का शिकंजा, संपत्ति कुर्की की तैयारी

**रायपुर।** रायपुर में अवैध वसूली और ब्लैकमेलिंग के मामलों में फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर वीरेन्द्र सिंह तोमर और रोहित सिंह तोमर की मुश्किलें बढ़ गई हैं। न्यायालय ने दोनों के खिलाफगिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है और उन्हें जांच में शामिल होने के लिए निर्देशित किया है। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने उनकी तलाश तेज कर दी है और अब उनकी संपत्तियों को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। वीरेन्द्र और रोहित तोमर, उनके रिश्तेदारों और साथियों पर धमकी, ब्लैकमेल और अवैध वसूली से जुड़े पांच मामले दर्ज हैं। रोहित तोमर के खिलाफएक मारपीट का केस भी चल रहा है। जांच के दौरान मिली नकदी और आभूषणों को आयकर विभाग को सौंपा गया है, जबकि संपत्तियों से जुड़े दस्तावेजों की जांच अभी जारी है। बताया जा रहा है कि भाठागांव में 5000 वर्गफीट में बना 'साई विला' वीरेन्द्र की पत्नी के नाम पर है। इसके अलावा अभनपुर और भनपुरी समेत कई जगहों पर उनके नाम से जमीनें पाई गई हैं। यदि आरोपी जल्द गिरफ्तार नहीं होते, तो उनकी संपत्ति कुर्क की जा सकती है। पुलिस कई टीमों के साथ आरोपियों की लोकेशन का पता लगाने में जुटी है। तकनीकी जांच के ज़रिए उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। जांच के दौरान नए शिकायतकर्ता भी सामने आए हैं, जिन्होंने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने उनसे भारी ब्याज दरों पर पैसा वसूलने के बावजूद गिरवी रखी संपत्तियों के कागजात और चेक वापस नहीं किए। उन्हें धमकियां भी दी गई हैं। फरारी में मदद करने वाले लोगों पर भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है और जल्द ही उन्हें हिरासत में लिया जाएगा।

## शराब दुकान में बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा प्लेसमेंट कर्मी गिरफ्तार, अफसरों पर भी शक

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के लालपुर क्षेत्र में स्थित कंपोजिट शराब दुकान में बड़े पैमाने पर मिलावटी और बिना होलोग्राम वाली शराब बेचे जाने का मामला सामने आया है। इस घोटाले में प्लेसमेंट एजेंसी का कर्मचारी शेखर बंजारे गिरफ्तार हुआ है। आरोपी ने पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं, जिनसे यह मामला और गहराता जा रहा है।

करीब 22 दिन पहले आबकारी विभाग और फ्लाइंग स्क्वॉड की संयुक्त टीम ने दुकान पर छापा मारकर फर्जीवाड़े का खुलासा किया था। जांच में यह बात सामने आई कि दुकान में लगभग 12 लाख रुपए का हिसाब-किताब नहीं मिला, जिसे शॉर्टेज माना गया है। इसके साथ ही वहां मिलावटी शराब और बिना होलोग्राम वाली बोतलें बेची जा रही थीं।

गिरफ्तार आरोपी शेखर बंजारे ने पूछताछ में बताया कि यह पूरा गोरखधंधा दुकान के इंचार्ज अधिकारियों की जानकारी में था, और इसके बदले उन्हें मोटी रकम दी जाती थी। मामले में दूसरा आरोपी सागर सोनवानी फरार है, जिसे पकड़ने के लिए पुलिस की टीम लगी हुई है।

दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर अब तक राज्यस्तरीय उड़नदस्ता को नहीं सौंपी गई है। इससे सवाल उठ रहे हैं कि जिला आबकारी विभाग ने इसे अब तक अपने पास ही क्यों रखा है। ऐसा भी कहा जा रहा है कि यह घोटाला सिर्फ प्लेसमेंट एजेंसी के कर्मचारियों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें अंदरूनी अफसरों की मिलीभगत भी हो सकती है। शेखर बंजारे ने अपने भाई के दस्तावेजों का इस्तेमाल कर नौकरी पाई थी। शराब दुकान में पिछले तीन-चार महीनों से यह फर्जीवाड़ा चल रहा था। सस्ती शराब को महंगी ब्रांडेड बोतलों में भरकर बेचा जा रहा था। कैमरे बंद कर मिलावटी शराब की बिक्री की जाती थी। पुलिस को क्यों सौंपा गया मामला? इतने बड़े घोटाले की संभावना के चलते आबकारी विभाग ने पुलिस में दो अलग-अलग केस दर्ज कराए हैं, जिसकी स्वतंत्र जांच जारी है। अब तक तीन से चार कर्मचारियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है और बाकी जिम्मेदारों की तलाश की जा रही है। माना जा रहा है कि बिना विभागीय मिलीभगत के इतनी बड़ी धांधली मुमकिन नहीं थी। यही वजह है कि अब जांच के दायरे में प्लेसमेंट एजेंसी के अधिकारी, दुकान के सुपरवाइजर, और आबकारी विभाग के कुछ अधिकारी भी आ गए हैं। यह मामला सिर्फ एक दुकान तक सीमित न होकर, प्रदेश के बाहर, खासकर मध्यप्रदेश तक कनेक्शन रखने की संभावना भी जताई जा रही है।

## दोस्त की बेरहमी से हत्या करने वाले आरोपी को उम्रकैद की सजा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के उरला थाना क्षेत्र में 9 अप्रैल 2024 को हुई एक सनसनीखेज हत्या के मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया है। आरोपी रूपेश कुमार उर्फ भोला को अपने ही दोस्त विजय यादव की निर्मम हत्या के आरोप में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने साथ ही 1000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है, जिसे न चुकाने की स्थिति में उसे तीन महीने अतिरिक्त जेल में रहना होगा। विशेष न्यायाधीश (सीबीआई) की अदालत में चली सुनवाई में अतिरिक्त लोक अभियोजक बसंत गोंड ने बताया कि यह हत्या एक सुनियोजित साजिश के तहत की गई थी। आरोपी ने अपने दोस्त विजय यादव को राजेंद्र नगर इलाके के एक स्कूल के पास बुलाया और वहां धारदार हथियार से वार कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद उसने शव को हीरा ग्रुप की नर्सरी की झाड़ियों में छिपा दिया। आरोपी रूपेश कुमार बिहार के मोतिहारी जिले का रहने वाला है और उरला इलाके में एक किराये के मकान में रह रहा था। वहीं उसकी दोस्ती विजय यादव से हुई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक विजय ने दोस्ती के चलते रूपेश को किराना दुकान से उधारी पर सामान दिलवाया था, लेकिन रूपेश पैसे नहीं लौटा रहा था।

### हिमालय की पहाड़ी पर ट्रैकिंग कराने वाली नामी कंपनी इंडिया हाइक से अनुबंध हुआ है

# देश का पहला ट्रैकिंग ट्रैक और ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन एरिया बना






**कोरिया बैकुंठपुर।** गुरु घासीदास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व को भारत का पहला ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में डेवलप करने कदम बढ़ाया गया है। टाइगर रिजर्व में पहला व इकलौता ट्रैकिंग ट्रैक बन गया है। हिमालय की पहाड़ी पर ट्रैकिंग कराने वाली नामी कंपनी इंडिया हाइक से अनुबंध होने के बाद पिछले पांच साल से अक्टूबर से जनवरी तक ट्रैकिंग टीम पहुंचती है। जिसमें 4-5 इंटरनेशनल व विदेश ट्रैकर लुत्फ उठा चुके हैं। नेशनल ट्रैकिंग टीम चार दिन तक ट्रैकिंग करती है। ट्रैकिंग टीम रोजाना 10 किलोमीटर के रास्ते से सफर तय करती है। ट्रैकिंग की खास बात यह है कि कुछ ट्रैकर फैमिली लेकर पहुंचे हैं। ट्रैकिंग का मुख्य उद्देश्य है कि आजकल आईटी-बैंकिंग सहित शहरों की भागदौड़ भरी जिंदगी में नेचर, वाइल्डलाइफ व ट्राइबल लाइफ स्टाइल से रुबरु कराना है। ट्रैकर अपनी फैमिली के साथ बच्चे लेकर पहुंचतें हैं और नेचर को करीब से देख व समझते हैं। जिससे बच्चों के मन मस्तिष्क में नेचर, इंवायरमेंट, वाइल्ड लाइफ के साथ रोमांचक ट्रैकिंग और रुचि पैदा होगी। जो बड़े होकर प्रकृति को बचाने, संरक्षित करने को लेकर बेहतर काम कर पाएंगे।

### भित्तिचित्र-घनघोर जंगल में 4000 साल पुराने 18 प्वाइंट चिह्नित, पर्यटन स्थल बनाने की तैयारी

### बडग़ांवखुर्द से 4 किलोमीटर दूर भित्तिचित्र वाले स्थल का नाम रखा गया है लिखामाड़ा

गुरु घासीदास तमोर पिंगला के भीतर घनघोर जंगल के बीच वर्षों पुरानी भित्तिचित्र मिले हैं। जिसको 18 प्वाइंट चिह्नित कर बुक प्रकाशन कराया है और हर जगह को पर्यटन के रूप में संवारने की तैयारी है। टाइगर रिजर्व जैव विविधता से भरपूर है और घनघोर जंगल के बीच 3-4 हजार पुराने भित्तिचित्र मिले हैं। हालांकि, घने जंगल और रास्ता नहीं होने के कारण भित्तिचित्र स्थल पर पहुंच पाना नामुमकिन है। भित्तिचित्र के 18 प्वाइंट चिह्नित कर



फोटोग्राफी कराई है। साथ ही बुक प्रकाशन में हर जानकारी देने की कोशिश की गई है। घनघोर जंगल के बीच बडग़ांवखुर्द गांव बसा हुआ है। गांव के आसपास 3-4 किलोमीटर की परिधि में पहाड़ों पर बड़ी संख्या में भित्तिचित्र मिले हैं। ग्रामीण भित्तिचित्र वाले स्थल को लिखामाड़ा के नाम से जानते हैं। घनघोर जंगल के बीच बसे ग्रामीण कई पीढ़ी से निवासरत हैं। लेकिन भित्तिचित्र कितने साल पहले बने थे, इसकी बुजुर्गों को कोई जानकारी नहीं है। हालांकि, कुछ बुजुर्ग भित्तिचित्र को आदिम काल के बने होने की बात कहते हैं। पुरातत्व एक्सपर्ट के अनुसार भित्तिचित्र 3-4 हजार साल पुराने हैं। घनघोर जंगल के बीच पहाड़ी चट्टानों पर सदियों पहले भित्तिचित्र बनाए गए हैं। जंगल में चूने का काफी भण्डार है। ऐसा अनुमान है कि चूने और जंगली जानवरों के खून को मिलाकर भित्तिचित्र बनाए गए हैं। जो पुरातत्व की जांच में चित्रकारी की स्थिति स्पष्ट होगी।

टाइगर रिजर्व में आने वाले समय में कई बदलाव होंगे और सुविधाएं भी बढ़ेगी। हाल ही में बाघ के दो शावकों के जन्म की जानकारी मिली है। जिससे जगह-जगह ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। मैदानी अमला लगातार निगरानी में तैनात है। क्योंकि शावकों की संख्या बढ़ भी सकती है। वर्तमान में बालमगढ़ी पहाड़ पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं।

## हड़ताल करने और टालने के बीच उलझन

**कोरबा।** काफी समय से चल रही तैयारी के बीच अभी अंतिम रूप से तय नहीं हो सका है कि ट्रेड यूनियनों की 9 जुलाई को आह्वानित देशव्यापी हड़ताल होगी या नहीं। हालांकि यूनियनों ने एकजुटता की बात कही है जबकि कोयला उद्योग के अधिकारी अलग-अलग आधार पर इसे टालने के लिए मान-मनौव्वल में लगे हुए हैं।

कोरबा जिले सहित रायगढ़, सूरजपुर, कोरिया और मध्यप्रदेश के अनूपपुर, शहडोल, उमरिया जिलों तक विस्तारित एसईसीएल की खदानों से कोल इंडिया की बड़ी जरूरत पूरी हो रही है। इनमें से कई मेगा माइंस के रूप में विकसित की जा रही है। अलग-अलग कारणों से खदानों के सामने चुनौतियां हैं और इसका सीधा असर वहां के नियमित व ठेका कर्मियों के हितों पर पड़ रहा है। उत्पादन लक्ष्य में गिरावट के कारण उत्पन्न स्थिति का हवाला देते हुए कंपनी के अधिकारियों ने यूनियनों को मनाना जारी रखा है कि वे 9 जुलाई की हड़ताल को टालें। उन्होंने व्यापक प्रभावों को मजबूती से रखा है। वहीं यूनियनें अपने मुद्दों को भुनाने के लिए हड़ताल के लिए फिलहाल हां-ना में लगी हुई है। पहले से ही बीएमएस और एक अन्य यूनियन ने हड़ताल पर जाने से हाथ खींच लिए हैं। ऐसी स्थिति में बाकी यूनियन क्या करेंगी, यह उन्हें सोचना है।

## कोयला कामगारों ने किया प्रदर्शन

**कोरबा।** 9 जुलाई को होने वाले राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर संयुक्त मोर्चा ने निर्णय लिया है कि सभी एमटीके कार्यालय व खदान के मुहाने में जाकर हड़ताल के पहले प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद से एमटीके कार्यालय के सामने कोयला कामगारों का प्रदर्शन शुरू हो गया है। आज गेवरा के वेस्ट एमटीके के सामने रेशमलाल यादव, दीपक उपाध्याय, गोपाल यादव, एम.पी. सिंह, गिरीश शुक्ला सहित अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रदर्शन किया गया। इसी तरह दीपका में भी लगातार कोयला कामगार प्रदर्शन कर रहे हैं। यहां पर गिरजा साहू, सतीश सिंह, रसूल, उदयन, रामकुमार के नेतृत्व में कोयला कामगारों ने प्रदर्शन किया। कुसमुंडा के सभी क्वारियों में प्रदर्शन हो रहे हैं। यहां पर साजी जॉन, एन.के.सिंह, राजू सोनी के नेतृत्व में कोयला कामगारों ने प्रदर्शन किया।

# पहाड़ी नाला के जल स्तर में अचानक बढ़ोत्तरी से खेतों में फंसे लोग, आधी रात हुआ रेस्क्यू

**कोरबा।** जिले में बारिश के रवैय्ये और उसके तेवर ने परेशानी बढ़ानी जारी रखी है। पाली क्षेत्र में पहाड़ी नाला भारी बारिश से इस कदर बौराया कि आसपास के खेतों में उसकी पहुंच ने लोगों को फंसा कर रख दिया। अपनी जान बचाने लोगों ने यहां वहां सहारा लिया। जिला प्रशासन के संज्ञान में मामला आने पर एसडीआरएफ की टीम बुलवायी गई। कई घंटे की मशक्कत बाद रात 3 बजे मौकेपर फंसे लोगों को रेस्क्यु किया गया।

इस सीजन में बारिश का रूख शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में हर किसी के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। लगातर इस प्रकार की घटनाएं सामने आ रही है, जिनमें बस्तियों से लेकर कालोनी और खेतों से लेकर बाड़ियों में लोग बरसाती पानी की वजह से फंस रहे हैं। पाली ब्लाक में भी 17 किसानों के साथ कुछ ऐसा ही वाक्या पेश आया। बताया गया कि ये लोग ढुकूपथरा और पोड़ी के लबदापारा में अतिवृष्टि से मुश्किल में पड़ गए। खबर के अनुसार इस क्षेत्र में 3 दिन से लगातार बारिश हो रही है। इसके चलते खासतौर पर पहाड़ी नदी नाले बौराये हुए है। ऊंचाई से आने वाले पानी के तेज बहाव ने आसपास के क्षेत्रों पर असर डाला है। खरीफ सीजन में खेती किसानी से जुड़ा हुआ वर्ग अपने खेतों में तैयारी कर रहा है। पाली ब्लाक के इन गांवों में रविवार को लोग अपने खेतों में काम पर लगे हुए थे। दोपहर बाद एक पहाड़ी नाला में जबरदस्त पानी की बढ़ोतरी हुई। उसे बहने का पर्याप्त रास्ता नहीं मिला तो वह आसपास के इलाकों में बढ़ने लगा। आलम यह रहा कि आसपास में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई। हद से ज्यादा पानी के भराव ने ग्रामीणों को भयभीत कर दिया। उन्होंने अपनी जान पर संकट होता देख जरूरी उपाए किये। इसके बावजूद खतरा जारी रहा। उन्होने इस बारे में ग्रामीणों को सूचना दी। जिसके बाद राजस्व विभाग और आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची। स्थिति को संभालना उसके बस में नहीं था। ऐसे में राज्य आपदा प्रबंधन विभाग को अवगत कराया गया। कुछ ही घंटों में अपने संसाधन के साथ टीम यहां पहुंची। उसके द्वारा कई घंटे रेस्क्यु आपरेशन चलाया गया।

हमारे संवाददाता ने बताया कि रात्रि 3 बजे अंतिम स्थिति में यह आपरेशन पूरा हो सका और मौके पर फंसे लोगों को निकाला जाना संभव हुआ। इस दौरान प्रशासन, एसडीआरएफ और पुलिस के अधिकारियों की उपस्थिति यहां रही।



### मन में चलती रही उथलपुथल

रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा होने के बाद बाहर आए लोगों के चेहरे पर सुकून तो था लेकिन चिंता भी। लंबे समय तक पानी की घेराबंदी ने इन लोगों को परेशान कर रखा । मौके पर फंसने वालों में स्त्री पुरुष और बच्चे थे और यह सभी इस बात को लेकर परेशान थे कि आखिर यहां से निकलेंगे कब और कैसे। उनकी आंखों के सामने जल प्रलय जैसा नजारा तैर रहा था इसलिए स्वाभाविक रूप से मन में घबराहट थी। समय बीतने के साथ उनकी चिंता बढ़ रही थी। आखिरकार आशावादी दृष्टिकोण से लोगों ने खुद को मनाया। रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा होने पर इन लोगों का कहना था की आज जो कुछ हुआ वह अप्रत्याशित था और इसलिए इतने घंटे को वे जिंदगी भर याद रखेंगे।

## ओवरफ्लो नदी में ग्रामीण बचा, बाइक बही



### बारिश के मौसम में उपेक्षा काफी महंगी साबित हो रही

**कोरबा।** हरदी बाजार के समीप से बहने वाली लीलागर नदी पर बने वर्षों पुराने पुल के ऊपर से पानी बहने लगा। लगातार हुई मूसलाधार बारिश के कारण पुल पर लगभग 3 फीट पानी बह रहा था इसके बावजूद आवागमन के लिए सिर्फ इसी पुल के ऊपर आश्रित ग्रामीण आने जाने के लिए विवस थे। इसी विवशता के कारण एक ग्रामीण अपनी मोटरसाइकिल से हाथ धो बैठा। तमाम प्रयास के बाद भी उसकी मोटरसाइकिल बहने से नहीं बचाई जा सकी।

हरदी बाजार से नेवसा उतरदा बिलासपुर मुख्य मार्ग से होकर बहने वाली लीलागर नदी भी दो दिन की मूसलाधार बरसात से बौरा गई। तेज पानी का भाव होने के बावजूद इसी पुल से लोग आना-जाना कर रहे थे। हद तो तब हो गई जब रविवार को पुल के ऊपर लगभग 3 फीट पानी बह रहा था तब भी लोग पुल से होकर गुजर रहे थे। ग्राम चौराहा के आश्रित गांव बेलवाडोंगरी निवासी 20 वर्षीय शंकर सिंह गोंड बाइक से वापस गांव लौट रहा था। वह पानी की तेज धार में फस गया वह बहने लगा किसी तरह उसने अपनी जान तो बचा ली लेकिन उसकी बाइक पानी में बह गई।

पीडब्लूडी करोड़ों की लागत से लीलाधर नदी पर नए पुल का निर्माण करवा रहा है। 3 वर्ष बीत चुके हैं लेकिन अब तक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका है ।यही कारण है कि लोगों को मजबूरी में पुराने पुल से होकर गुजरना पड़ रहा।

# बारिश ने सड़क संपर्क तोड़ा, राहत की जरूरत, प्रशासन से पहल की विधायक ने

**कोरबा।** भारी बारिश के कारण कोरबा जिले के करतला विकासखंड क्षेत्र में घिनारा बडमार के रास्ते पर एक पुल ध्वस्त हो गया जिससे आसपास की रोड कनेक्टिविटी समाप्त हो गई है। लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान जाने के लिए अब 20 से 25 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण जल्द हो सके, इसके लिए क्षेत्र के विधायक फूल सिंह राठिया ने शासन से पहल की है।

चार दिन पहले ही बारिश के कारण इस इलाके में हालात बदल गए और कई स्थानों पर विपरीत असर हुआ। लोगों की परिसंपत्तियों के साथ-साथ सरकारी निर्माण भी नुकसान की चपेट में आए। विभिन्न क्षेत्रों से इस प्रकार की खबरें प्रशासन के पास पहुंची हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के द्वारा दो दशक पहले एक रास्ते पर जो पुल तैयार किया गया था जो बारिश को बर्दाश्त नहीं कर सका। बारिश में यह पुल ध्वस्त हो गया। इस वजह से आसपास के 15 से अधिक गांव का सड़क संपर्क टूट गया है। लोगों ने बताया कि मुख्य मार्ग तक पहुंचा मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए वे लंबे समय से इसी रास्ते का उपयोग कर रहे थे। पुल टूटने से संपर्क समाप्त हो गया है और अब



उन्हें अलग-अलग प्रकार के कामकाज से विभिन्न क्षेत्रों में आने जाने के लिए अपेक्षाकृत ज्यादा दूरी तय करनी पड़ रही है। इसमें समय का नुकसान हो रहा है और रुपए भी ज्यादा खर्च हो रहे हैं।

क्षेत्र के विधायक फूल सिंह ने स्वीकार किया कि प्राकृतिक कारणों से समस्या निर्मित हुई है। स्वाभाविक रूप से हर कोई इसके चलते परेशान हो रहा है। उनकी ओर से प्रशासन को अवगत कराया गया है और कहां गया है कि वैकल्पिक तौर पर रखना तैयार कराया जाए और बारिश के ठीक बाद पुल का नवनिर्माण भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए

## ग्रामीण ने पेड़ पर लगाई फांसी

**कोरबा।** जटगा पुलिस चौकी अंतर्गत मुकवा गांव में एक 75 वर्षीय ग्रामीण ने फांसी लगा ली ।उसकी पहचान जगदेवराम के रूप में की गई। नाला के किनारे उसका शव लटका पाया गया। परिजनों को एक ग्रामीण ने सूचना दी जिसके बाद पुलिस को अवगत कराया गया। घटना का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम करने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सिंहदेव का स्वागत

**कोरबा।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव का कल पाली पहुंचने पर उनका जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस दौरान संजय भावनानी, संजय शर्मा, चंद्रशेखर पटेल, मुकेश कौशिक, अभिषेक गर्ग, समजीत सिंह, डेक्रांत देवांगन, राजेश राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। इधर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर बरपाली मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू के नेतृत्व में पौधे लगाए गए। कुदमुरा मंडल के संयोजक आकाश सक्सेना के नेतृत्व में बृजलाल राठिया, उमेश सोनी, कौशल चौरसिया ने पौधे लगाए।

## कमलेश कुम्हार वन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष निर्वाचित



### बलवान को हराया 55 मतों से

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के कोरबा जिलाध्यक्ष का चुनाव कल वनमंडल कार्यालय कोरबा में संपन्न हुआ, जिसमें कमलेश कुम्हार जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुए। उनके निर्वाचन की घोषणा चुनाव अधिकारी मनोज कुमार द्वारा की गई। जिलाध्यक्ष पद के लिए कमलेश कुम्हार व बलवान कुर्रे उम्मीदवार थे। कल हुए चुनाव में कमलेश ने बलवान कुर्रे को 55 मतों के अंतर से पराजित किया। जहां कमलेश को 133 मत मिले वहीं बलवान को 78 वोट से संतोष करना पड़ा। मतदान के लिए 231 वनकर्मियों को चिन्हित किया गया था जिनमें से 211 लोगों ने मतदान किया जबकि 20 वोट डालने नहीं पहुंचे। मतदान सुबह 10 बजे शुरू हुआ और शाम तक चला। मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद वोटों की गिनती की गई और परिणाम घोषित किए गए। संघ का चुनाव संपन्न कराने में चुनाव अधिकारी मनोज कुमार के अलावा सहायक चुनाव अधिकारी कुमारी आरती तिर्की, पर्यवेक्षक परवेन्द्र कुमार रजक व वन कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष प्रीतम पुराई ने भूमिका निभाई। उन्होंने विजय होने पर कमलेश को बधाई दी। अपनी जीत पर कर्मचारियों का आभार जताते हुए कमलेश ने कहा कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से हल करेंगे और संगठन की मजबूती के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

# सेवाभावी लोगों का किया गया सम्मान

**कोरबा।** प्रशांति वृद्धाश्रम के संचालन के 20 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महापौर संजू देवी राजपूत ने कहा कि दो दशकों में नवदृष्टि समाजसेवी संस्था ने न केवल बुजुर्गों को आश्रय दिया, बल्कि उन्हें सम्मान, अपनापन और संबल भी प्रदान किया।

महापौर ने कहा कि प्रशांति वृद्धाश्रम के सेवा कार्यों को 20 वर्ष पूर्ण होते देख मन अत्यंत भावुक और श्रद्धा से भर गया। यह केवल सेवा नहीं, एक संवेदना का यज्ञ है जिसमें हर सदस्य ने श्रद्धा, समर्पण और करुणा की आहुति दी है। प्रशांति वृद्धाश्रम उन मूल्यों का प्रतीक है, जो हमें हमारी सभ्यता और संस्कृति से जोड़ते हैं जहां बुजुर्गों को बोझ नहीं, आशीर्वाद माना जाता है। महापौर ने इस अवसर पर नवदृष्टि समाजसेवी संस्था के सभी कार्यकर्ताओं, सेवाभावी सदस्यों,





सहयोगियों के कार्यों को सराहा और उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि ईश्वर की कृपा से यह सेवा यात्रा यूं ही प्रेरणादायक बनी रहे। महापौर संजू देवी राजपूत ने वृद्धाश्रम के संचालन में यथासंभव सहयोग देते हुए भवन के मरम्मत इत्यादि कार्य को पूरा करने आश्वस्त किया। मेयर ने नगर पालिक निगम से प्रशांति वृद्धाश्रम को सालाना 51 हजार रुपए के आर्थिक सहयोग की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने कहा कि नवदृष्टि समाजसेवी संस्था का सेवा कार्य सराहनीय है। यहां सम्मानपूर्ण तरीके से बुजुर्गों की सेवा हो रही है। बुजुर्गों की सेवा से बड़ा पुण्य का काम नहीं हो सकता। सभापति श्री ठाकुर ने कहा कि नगर पालिक निगम से हर प्रकार का सहयोग वृद्धाश्रम को मिलेगा।

वार्ड पार्षद रामाधार पटेल, माधव जायसवाल, मयंक पाण्डेय, डा. अनिल आरोरा, कल्पना मिश्रा ने भी अपनी बात रखी। नवदृष्टि समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद सादिक शेख ने प्रशांति वृद्धाश्रम के संचालन की 20 वर्षों की यात्रा के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान प्रशांति वृद्धाश्रम को निरंतर सहयोग प्रदान करने वाले सेवाभावी लोगों का महापौर के हाथों सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन वीणा मिस्त्री ने किया। इस दौरान प्रशांति वृद्धाश्रम के केअरटेकर वीरू यादव, एक्ट ऑफ ह्यूमैनिटी के रुहुल खान, ग्रैडीन ग्लेयर, सुर्हिद कुमार डेविड, ममता गुप्ता, सांई प्रिया, अजय जायसवाल, कृष्णा महिला समिति की कल्पना गुप्ता, डीगम्बर सिंह कौशिक, उत्तरा मानिकपुरी, उर्वशी यादव, शशिकला सोनी, लता यादव आदि उपस्थित रहे।



छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के प्रथम अध्यक्ष एवं सरगुजा भाजपा जिला प्रभारी ज्योतिनंद दुबे का जन्मदिन उनके समर्थकों ने धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर पार्षद सुजीत सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत तिवारी, मुकेश जायसवाल व अन्य उपस्थित थे।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ के महासचिव बने शारदा पाल

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संगठन में कटघोरा के शारदापाल को संभागीय महासचिव नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने यह नियुक्ति की है।



संभावी महासचिव को विभिन्न जिलों का दायित्व देने के साथ संगठन विस्तार की दिशा में अपनी सशक्त और सक्रिय भूमिका निभाने को कहा गया है। शारदापाल ने बताया कि अप्रनिधित्व वाले क्षेत्रों में शीघ्रता से नई टीम खड़ी की जाएगी। पत्रकारों के रूप में काम करने की वचन बद्धता भी दोहरायी गई।















स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com